
चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर नेताओं और खिलाड़ियों का जश्न और बहार भगदड़

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, गुरुवार, 5 जून 2025 अंक 230 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या आप स्वास्थ से परेशान हो ?
* सर्दी खासी सिनेमाईटिस * ॲलर्जिक राईनिटिस * क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस * इसिनोफिलीया * ब्रॉनकियल बॉनकाईटस * कॉरपुलमानेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार


# आरसीबी के प्रशंसकों का जश्न बदला मातम में

**बेंगलुरु.**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने दुख जाताया. उन्होंने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख का मुआवाज देने का ऐलान किया है. सीएम ने इस मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और 15 दिनों में रिपोर्ट देने के लिए कहा है. इस दौरान सीएम सिद्धारमैया ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ की तुलना महाकुंभ भगदड़ से कर दी. उन्होंने कहा, "ऐसी घटनाएं कई जगह हुईं. कुंभ मेले में 50-60 लोग मर गए. मैंने आलोचना नहीं की. अगर कांग्रेस आलोचना करती है तो वह अलग बात है. क्या मैंने या कर्नाटक सरकार ने आलोचना की?"

सीएम सिद्धारमैया के साथ उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृहमंत्री जी परमेश्वर भी मौजूद थे. उन्होंने कहा, "भगदड़ में 11 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं. यह त्रासदी नहीं होनी चाहिए थी. सरकार इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करती है. सरकार ने मृतकों के लिए 10 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है. सरकार घायलों का मुफ्त इलाज कराएगी." सीएम सिद्धारमैया ने कहा, "मैं इस घटना का बचाव नहीं करना चाहता. हमारी सरकार इस पर राजनीति नहीं करेगी. मैंने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और 15 दिन का समय दिया है. लोगों ने स्टेडियम के गेट भी तोड़ दिए और भगदड़ मच गई. किसी को इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी. स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 35,000 लोगों की है, लेकिन 2-3 लाख लोग आए." उन्होंने कहा, "बेंगलुरु शहर में उपलब्ध पूरी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया. इससे पहले भी यही पुलिसकर्मी सुरक्षा ड्यूटी संभाल रहे थे और इस बार भी उन्हें यही जिम्मेदारी सौंपी गई. यह त्रासदी नहीं होनी चाहिए थी. हम पीड़ितों और पीड़ित लोगों के साथ खड़े हैं. मैं जनता से अपील करता हूं कि वे समझें कि प्यार और स्नेह से ज्यादा महत्वपूर्ण जीवन है और सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दें."

बीजेपी नेता सीटी रवि ने कर्नाटक सरकार की निंदा करते हुए इसे "राज्य प्रायोजित हत्या" का मामला करार दिया. उन्होंने कहा, "अप्रत्याशित उत्सव ने यह त्रासदी पैदा की. इस मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है."

## आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले भगदड़...




> मृतकों का आंकड़ा पंहुचा 11, साथ ही 50 से ज्यादा लोग घायल





## कोई गिरा, कोई कुचला









## बेंगलुरु में हुई भगदड़ की घटना पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया



बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था। इसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई और 11 लोगों की मौत की खबर सामने आई। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा, 'बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हो जाएं।'

## राहुल बोले पीड़ितों को हर मदद पहुंचाई जाए



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आरसीबी की जीत जश्न के दौरान हुई भगदड़ दर्दनाक है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द से जल्द होने की कामना करता हूं। दुख की घड़ी में मैं बेंगलुरु के लोगों के साथ खड़ा हूं। कर्नाटक सरकार को प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद और राहत पहुंचानी चाहिए। कोई भी जश्न एक इंसानी जान से बढ़कर नहीं होता। हर सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा और सख्ती से पालन जरूरी है।

## सरकार जिम्मेदारी निभाने में विफल रही: प्रह्लाद जोशी



बीजेपी सांसद प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक सरकार पर तीखा हमला किया और इसे एक बड़ी त्रासदी बताया. जोशी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "यह बेहद दुखद घटना है, बेंगलुरु में भगदड़ में लगभग 10 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना उचित व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की कमी के कारण हुई है. कर्नाटक सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही है." जोशी ने आगे कहा कि सरकार की विफलता के कारण ही यह त्रासदी घटी और सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए.

## मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता: सीएम सिद्धारमैया




मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है, कई की हालत नाजुक, अब तक सात से अधिक लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। कई घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। यह घटना एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और भीड़ नियंत्रण व्यवस्था की पोल खोलती है।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 33 लोग घायल हैं। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये का मुआवजा घोषित किया है। सीएम ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जीत का जश्न, लोगों के लिए मौत का कारण बन गया। हम सब स्तब्ध हैं। यह घटना विजय की खुशी को भी फीका कर गई है।" सीएम सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा को देखते हुए टीम को विजय परेड की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन फिर भी स्टेडियम के बाहर एकत्र भीड़ बेकाबू हो गई। इसी कारण भगदड़ की स्थिति बनी और निर्दोष लोगों की जान चली गई। उन्होंने अपील करते हुए कहा, "जीवन सबसे कीमती है। कोई भी उत्साह, कोई भी प्यार, किसी की जान से बड़ा नहीं हो सकता। ऐसे आयोजनों में जनता को संयम रखना चाहिए और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।" कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया पर लिखा, "चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत के बाद हुई भगदड़ में कई लोगों की मौत और गंभीर घायल होने की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। यह हादसा जीत की खुशी को गम में बदल गया है। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले यही हमारी प्रार्थना है।"

### > राजीव शुक्ला का बयान भी सामने आया



बेंगलुरु भगदड़ पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, "उन्होंने (कर्नाटक सरकार) भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए रोड शो बंद किया था। लेकिन यह अनुमान नहीं था कि स्टेडियम के बाहर ऐसा हो जाएगा। राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी को मिलकर डैमेज कंट्रोल करना चाहिए।

### > डीके शिवकुमार की प्रतिक्रिया



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने घटना पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह पुलिस कमिश्नर और अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं. उन्होंने कहा कि भीड़ बेकाबू थी, इसलिए हमें कार्यक्रम को छोटा करना पड़ा. लाखों लोग आए थे और पुलिस के लिए स्थिति को नियंत्रण में करना मुश्किल हो गया.

### > तेजस्वी सूर्या का ट्वीट



बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या ने भी इस घटना पर नाराजगी जाहिर की और ट्वीट किया, "जो खुशी और वफादारी का जश्न होना चाहिए था, वह इतना घातक निकला. राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ने आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपनी अनावश्यक हिस्सेदारी निभाई, लेकिन जमीन पर कोई व्यवस्था नहीं की गई."

# 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा संसद का मॉनसून सत्र

**नई दिल्ली.**

संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गईं हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के बीच सरकार ने यह एलान किया है। संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और चार अप्रैल को समाप्त हुआ था।

बजट सत्र में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया था कि सदन की अब तक की सबसे लंबी बैठक गुरुवार तीन अप्रैल को हुई थी। यह तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और चार अप्रैल को सुबह 4:02 बजे तक चली। ऊपरी सदन में रिकॉर्ड 49 निजी सदस्यों के विधेयक भी पेश किए गए। कुल मिलाकर सदन ने कुल 159 घंटे काम किया, जिसमें आधी रात के बाद 4 घंटे से अधिक समय शामिल है। इस सत्र की उत्पादकता 119 प्रतिशत रही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया था कि संसद के निचले सदन में 26 बैठकें हो चुकी हैं।



## पेश किया जा सकता है बीमा संशोधन बिल

संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन बिल पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100% करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिल का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे पहले संसद का बजट सत्र इस साल 31 जनवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 4 अप्रैल को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिससे 2025 का पहला संसद सत्र समाप्त हो गया था।

# मुजफ्फरपुर रेप केस..

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के घर के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन

**पटना.**



बिहार के पटना में पीएमसीएच सरकारी अस्पताल में मुजफ्फरपुर की दलित रेप पीड़िता की मौत के तीन दिन बाद भी आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रही है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार की अगुवाई में एक टीम ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता राजेश कुमार ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही मांग की है कि मृतका की मां को नौकरी, उसके भाई-बहनों को मुफ्त शिक्षा और उचित मुआवजा दिया जाए। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के आवास पर पहुंचे। यहां वे उनके आवास का घेराव कर नारेबाजी करते नजर आए। पुलिस वालों के हल्के बल प्रयोग के बाद प्रदर्शकारियों को वहां से हटा दिया गया। वहीं कांग्रेस की ओर से आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किए जाने की डिमांड पर डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार पूरी तरह से आश्वस्त करती है कि स्पीडी ट्रायल चला कर कार्रवाई करेगी। इसमें कोई दो मत नहीं है और जिन लोगों ने गलती की है उन सब पर कार्रवाई किया गया है। एसकेएमसीएच के सुपरिंटेंडेंट को सस्पेंड किया गया है। पीएमसीएच के कार्यकारी डेप्युटी सुपरिंटेंडेंट हैं उनको हटाने का काम किया गया है। यह जांच अभी चल रही है खत्म नहीं हुई है। बच्ची की मौत हुई है और एक-एक लोगों को छोड़ने का काम बिहार की सरकार नहीं करेगी। बता दें कि बिहार सरकार ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर के श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) के चिकित्सा अधीक्षक को कर्तव्य में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन जून को जारी एक आदेश के मुताबिक, वहीं पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के कार्यवाहक उपाधीक्षक अभिजीत सिंह को राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने पद से हटा दिया है।

# दादरी में महिला के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा.**



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एनबीटी ऑनलाइन की खबर का असर हुआ है। ग्रेटर नोएडा के लुहारली टोल प्लाजा पर किसान यूनियन की आड़ में गुंडागर्दी करने और महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार करने के मामले में नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना दादरी पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य आरोपी समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी की पहचान बुलंदशहर के थाना सिकंदराबाद क्षेत्र के हृदयपुर के रहने वाले अमित मुखिया (28) के रूप में हुई है। दरअसल, पूरा मामला थाना दादरी क्षेत्र स्थित एनएच-91 लुहारली टोल प्लाजा का है। मंगलवार को यहां किसानों के धरना प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग जबरन गाड़ियों को टोल प्लाजा से निकाल रहे थे। जब महिला टोल कर्मी ने इसका विरोध किया तो आरोपी पक्षों ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के दौरान महिला टोल कर्मी के साथ अभद्रता की गई। आरोप है कि दबंगों ने बिना टोल टैक्स दिए वाहन निकालने को लेकर महिला टोल कर्मी के प्राइवेट पार्ट्स को छूने की कोशिश की। ये सारी करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और बाद में इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पूरे मामले को एनबीटी ऑनलाइन ने बड़ी बेबाकी से प्रकाशित किया। कुछ घंटे बाद ही मंगलवार देर रात तक घटना में शामिल आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने इस पूरे मामले में जानकारी देते हुए बताया कि थाना दादरी पुलिस द्वारा लुहारली टोल प्लाजा पर धरने के दौरान महिला के साथ दुर्व्यवहार करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 115(2)/352/351 (2)/74 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है। इस मामले में नामित/प्रकाश में आये 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो मुख्यतः बुलंदशहर के रहने वाले है। अन्य आरोपियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## पाक और आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद.** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत लगातार आतंकी नेटवर्क और उनसे जुड़े सूत्रों पर कड़े एक्शन ले रहा है। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले कई भारतीयों को गिरफ्तार किया है। इस कड़ी में पंजाब के मोहाली से एक यूट्यूबर को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जसबीर सिंह नाम का यह शख्स तीन बार पाकिस्तान की यात्रा भी कर चुका है। पंजाब के रूपनगर में रहने वाले यूट्यूबर जसबीर सिंह को मंगलवार को मोहाली में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मोहाली के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

## असम में भारी बारिश



**गुवाहाटी.** मानसून को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए वरदान माना जाता है, क्योंकि भारतीय कृषि के लिए इसे काफी अहम माना जाता है. देश में खेतीबारी का अधिकांश हिस्सा मानसूनी बारिश पर निर्भर करता है. क्षेत्रीय मौसम केंद्र, गुवाहाटी ने राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है. खासकर धुबरी, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, गोलपाड़ा और कोकराझार जिलों में तेज हवाओं (30-40 किमी/घंटा), बिजली गिरने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. लेकिन, यही मानसून कई बार अभिशाप भी बन जाता है. मानसून के सक्रिय होने के बाद नॉर्थईस्ट इंडिया में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है.

CMYK

# दो महीने में सस्ता होगा सोना

**नई दिल्ली.**

सोने को भारत में पारंपरिक रूप से न सिर्फ आभूषण के तौर पर, बल्कि एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में भी देखा जाता है. बीते कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, जिससे यह निवेशकों के लिए लाभदायक संपत्ति बन चुका है. खासकर बीते एक साल में सोने के दामों ने रिकॉर्ड तोड़ तेजी दिखाई है, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर होता नजर आ रहा है. हाल ही में सोने ने 99000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार का रिकॉर्ड बनाया था. यह तेजी भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर में कमजोरी और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी जैसे कारणों से आई



थी. लेकिन हाल के दिनों में इसकी कीमतों में थोड़ी नरमी देखने को मिली है. हालांकि यह गिरावट फिलहाल मामूली है और आम खरीदारों के लिए राहत नहीं बन पाई है. इस संभावित गिरावट के पीछे कई वैश्विक कारण हैं. सबसे प्रमुख है अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर बनी अनिश्चितता. अगर फेड दरों में कटौती नहीं करता है, तो डॉलर मजबूत रहेगा और इसका सीधा असर सोने की कीमतों पर पड़ेगा. इसके अलावा, अमेरिका में महंगाई दर और मजबूत आर्थिक आंकड़े भी सोने पर दबाव बना सकते हैं.

### आ सकती है सबसे बड़ी गिरावट

लेकिन अब एक राहत भरी खबर उन लोगों के लिए आई है जो सोना खरीदना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं. एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि अगले दो महीनों में सोने की कीमतों में 12% से 15% तक की गिरावट देखने को मिल सकती है. अगर ऐसा होता है तो सोने का भाव 68,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या उससे भी नीचे आ सकता है.

निवेश विशेषज्ञों की मानें तो यह गिरावट अल्पकालिक होगी और लॉन्ग टर्म निवेश के लिहाज से सोना अब भी एक मजबूत विकल्प बना हुआ है. जिन लोगों ने ऊंचे स्तर पर निवेश किया है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है. वहीं जो लोग निवेश की सोच रहे हैं, उनके लिए गिरावट के बाद खरीदारी का यह एक अच्छा मौका हो सकता है.आने वाले समय में सोने की कीमतों में करेक्शन की पूरी संभावना है. ऐसे में निवेशकों को बाजार की दिशा को ध्यान में रखते हुए सोच-समझकर फैसले लेने की जरूरत है. गिरावट के बाद की खरीदारी, लॉन्ग टर्म के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है.

# एआोआइ नागपुर में एडवांस गैलियम आधारित पीईटी-सीटी स्कैन सेवा शुरू

## कैंसर और इन्फेक्शन की एडवांस इमेजिंग अब संभव

**नागपुर.**

अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई), नागपुर ने नांगिया स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ मिलकर अब गैलियम जनरेटर आधारित पीईटी -सीटी स्कैन सेवा शुरू कर दी है। यह तकनीक न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर, प्रोस्टेट कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टिनल कैंसर और संक्रामक व सूजन जन्य रोगों के सटीक और तेज़ निदान में मदद करेगी। गैलियम-68 रेडियो आइसोटोप अब संस्थान में ही तैयार किया जा सकता है, जिससे मरीजों को अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।




यह सेवा उच्च गुणवत्ता वाली इमेजिंग और सटीक स्टेजिंग में क्रांतिकारी मानी जा रही है। डॉ. रोहित काकड़े ने इसे कैंसर इमेजिंग में 'क्रांति' बताया, जबकि डॉ. हृषिकेश फाटे ने इसे मध्य भारत में एडवांस डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम बताया। एओआई नागपुर इस पहल के साथ प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी केंद्र बन गया है।

# एचडीएफसी बैंक का प्लास्टिक जागरूकता अभियान




**मुंबई.**

एचडीएफसी बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 से पहले प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। यह अभियान बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना, रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से स्थायी परिवर्तन लाना है। बैंक की शाखाओं में ग्राहक प्लास्टिक ई-कचरे को जमा कर सकते हैं और प्लास्टिक के विकल्पों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान, संग्रहण ड्राइव और जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। एचडीएफसी बैंक का लक्ष्य है कि 2025 तक 1,000 गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और 15 शहरी निकायों में पुनर्प्राप्ति सुविधाएं स्थापित की जाएं।

ये पहलें 'स्वच्छ भारत अभियान' और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं। हिमाचल, यूपी, आंध्र, असम, केरल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अभियान के अंतर्गत अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण, तथा व्यवहार परिवर्तन पर काम किया जा रहा है। कांगड़ा में 26 फुट की प्लास्टिक ढक्कन वाली भित्ति, विशाखापत्तनम में स्वयं सहायता समूहों का प्रशिक्षण, और छत्तीसगढ़ व केरल में हजारों टन कचरे का प्रसंस्करण इन प्रयासों का हिस्सा हैं। बैंक का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की रक्षा करना है, बल्कि समुदायों की आजीविका और स्वच्छता में भी सुधार लाना है।

# अवीवा इंडिया की मजबूती और वेलनेस पर केंद्रित ग्रोथ रिपोर्ट

**नई दिल्ली.** वित्त वर्ष 2024-25 में अवीवा इंडिया ने स्थिरता और नवाचार के साथ मजबूत प्रदर्शन किया। कंपनी ने 107.52 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जबकि एसेट अंडर मैनेजमेंट 6% बढ़कर 14,735 करोड़ रुपये हो गया। क्लेम सेटलमेंट 30 दिनों में 100% रहा, और शिकायतें घटकर प्रति 10,000 पॉलिसी पर 16 हो गईं। ग्रोथ का फोकस ग्राहकों की जरूरतों, वेलनेस, और लॉन्ग टर्म वैल्यू पर रहा। सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान के साथ वैलनेस किट की पेशकश ने स्वास्थ्य और बीमा को जोड़ा, जिसमें स्मार्ट वॉच, 'एआई' पोषण कंसल्ट और जेनेटिक टेस्टिंग शामिल हैं। परसिस्टेंसी रेट 73% तक पहुंचा और सॉल्वेंसी रेश्यो 193% रहा, जो कंपनी की वित्तीय मजबूती को दर्शाता है। एमडी असित रथ ने इसे "सार्थक प्रगति का साल" बताया, जिसमें कंपनी ने इनोवेशन, समावेशन और अफोर्डेबिलिटी पर विशेष जोर दिया। अवीवा का विजन है बीमा को केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सक्रिय जीवन शैली का हिस्सा बनाना, सभी भारतीयों के लिए किफायती और सुलभ।

# गूंजा टाटा नमक का सुर

**नई दिल्ली.** पहले कैंपेन 'नमक हो टाटा का टाटा नमक' को उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर, देश में आयोडीन युक्त नमक के नंबर 1 ब्रांड टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा का टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है। नए कैंपेन में दिल को छू लेने वाली 8 शानदार ब्रांड फिल्में हैं, जो पुरानी यादों को ताज़ा करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश देती हैं: टाटा नमक, आयोडीन की सही मात्रा से बच्चों के मानसिक विकास में सहायता करता है, जिससे देश का भविष्य और भी सशक्त बनता है। ;देश का नमक के दर्जे को और भी मजबूत करते हुए, यह अभियान एक मनोरंजक और मधुर अंदाज़ में टाटा नमक की गुणवत्ता और भरोसे को उजागर करता है। ओगिल्वी द्वारा परिकल्पित, इस कैंपेन में ज़िंदगी के रोज़मर्रा के पल दिखाए गए हैं. लोरी सुनाती हुई माँ, क्लासरूम में पढ़ाती हुई टीचर, या एक हँसता-खिलखिलाता परिवार, हर




दृश्य में टाटा नमक एक अहम साथी के रूप में मौजूद है. ऐसा साथी जो सालों से हर भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुडी ये फिल्में, हिंदी भाषी क्षेत्रों के घरेलू माहौल, बंगाल के भावनात्मक क्षणों और मराठी घरों की आत्मीय संस्कृति को दर्शाती हैं। हर पीढ़ी से जुड़ने वाली ये कहानियाँ, रोजमर्रा के पलों और भावनाओं को सामने लाती हैं। एक फिल्म में स्कूल की टीचर बच्चों को आयोडीन का महत्व सिखाती हैं। वहीं दूसरी फिल्म एक चहल-पहल वाले घर की कहानी है, जहाँ हर पकवान और हर प्यार भरी बात में टाटा नमक मौजूद है। अपनी यादगार और सुरीली धुन के साथ, यह अभियान गर्व से टाटा साल्ट को देश का नमक के रूप में प्रस्तुत करता है। आईपीएल के दौरान दिखाया जाने वाला यह अभियान देश के कोने-कोने में गूंजेगा और करोड़ों दिलों तक पहुँचेगा। इस कैंपेन के बारे में दीपिका भान, प्रेसिडेंट. पैकेज्ड फूड्स, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कहती हैं. यह पिछले साल के हमारे कैंपेन का एक स्वाभाविक और खूबसूरत विस्तार है। देश का नमक सिर्फ एक जिंगल नहीं, बल्कि वह भरोसा है जो पिछले चार दशकों में गुणवत्ता और सच्चाई के साथ जुड़ा है। यह नया. संस्करण उपभोक्ताओं से हमारे रिश्ते को और गहरा बनाएगा और उनकी खुशी और भरोसे के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता दोहराएगा। अनुराग अग्निहोत्री, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर (मुंबई और कोलकाता), ओगिल्वी, ने कहा, टाटा नमक यह बताना चाहता था कि आयोडीन से बच्चों का दिमाग तेज बनता है। लेकिन इतनी अहम बात लोगों तक कैसे पहुँचे? इसलिए हमने 80 के दशक की यादों को फिर से ज़िंदा किया. वह दौर जब हर बात एक जिंगल से यादगार बन जाती थी। हमने अपनी आयोडीन की कहानी को उसी लहज़े में सजाया और उसे जीवन के अलग अलग पहलुओं से दिखाया. चाहे वह एक विदाई हो, क्लासरूम हो या किटी पार्टी। यह हमारी तरफ से विज्ञापन के सुनहरे युग को लिखा गया एक प्रेम पत्र है.

# हार के बावजूद प्रॉफिट में प्रीति जिंटा



**नई दिल्ली.**

पंजाब किंग्स इलेवन बेशक आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार गया, लेकिन इसके बावजूद पंजाब किंग्स इलेवन की सह मालिक प्रीति जिंटा ने अपने 35 करोड़ रुपए को 350 करोड़ रुपए में कन्वर्ट कर लिया. आज हम आपको प्रीति जिंटा के इसी टैलेंट के बारे में विस्तार से बताएंगे और साथ में ये भी बताएंगे कि फिलहाल प्रीति जिंटा की कुल नेटवर्थ कितनी है. इसके साथ ही आपको बताएंगे कि प्रीति जिंटा कहां-कहां से पैसा कमाती हैं.

प्रीति जिंटा पंजाब किंग्स इलेवन की मालकिन से पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं, उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं. इसके साथ ही प्रीति जिंटा अपना प्रोडक्शन हाउस भी चलाती है और रियल एस्टेट में भी इवेंट करती हैं. आपको बता दें प्रीति जिंटा ब्रांड एंडोर्समेंट के 1.5 से 2 करोड़ रुपए तक लेती हैं. जानकारी के अनुसार प्रीति जिंटा की कुल नेटवर्थ 533 करोड़ रुपए के आसपास है. प्रीति जिंटा एक लग्जरी लाइफस्टाइल जीती हैं, उनके पास मुंबई के पाली हिल में 17 करोड़ रुपए का फ्लैट है. इसके साथ ही उनके होम टाउन शिमला में उनके पास 7 करोड़ रुपए का घर है. प्रीति जिंटा ने 2016 में जीन गुडइनफ से शादी की थी और उसके बाद वो अमेरिका के लॉस एंजिल्स में शिफ्ट हो गई.

जहां बेवर्ली हिल्स में उनके पास एक शानदार घर है. 35 करोड़ से बनाए 350 करोड़ रुपए, प्रीति जिंटा के टैलेंट को इसी से आप भाप सकते हैं कि 2008 में जब आईपीएल की शुरुआत हुई थी तो उन्होंने 35 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स इलेवन की 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी खरीदी थी. आज प्रीति जिंटा की यहीं हिस्सेदारी 350 करोड़ रुपए की हो गई है. 2022 में पंजाब किंग्स इलेवन टीम की कुल वैल्यू 925 मिलियन डॉलर थी और इसमें से प्रीति जिंटा की 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी भारतीय रुपए में 350 करोड़ रुपए होती है.

## विदेशी निवेशकों ने तोड़ा भरोसा

**नई दिल्ली.** विदेशी निवेशक लगातार तीसरे सत्र और जून में अब तक इक्विटी में नेट सेलर रहे हैं. उन्होंने पिछले दो कारोबारी सत्रों में 5,000 करोड़ रुपए और पिछले तीन सत्रों में 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री की है. डेटा के मुताबिक देखें तो विदेशी निवेशक इस समय असमंजस में दिख रहे हैं. वो पैसा डाल तो रहे हैं लेकिन उसी तेजी से पैसा निकाल भी रहे हैं.

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्केट एक्सपर्ट अरुण केजरीवाल ने बताया कि, "इवोल्यूशन के लिहाज से ऐसा नहीं है कि कोई चिंता नहीं है, लेकिन चौथी तिमाही के नतीजों के बाद ये चिंताएं निश्चित रूप से कम हुई हैं. अगर आप चौथी तिमाही के प्रदर्शन को देखें तो खासकर लार्ज कैप के लिए तो ये विशेष रूप से अच्छा है. चौथी तिमाही के बाद इवोल्यूशन मैट्रिक्स में सुधार हुआ है.मौजूदा बिकवाली को लेकर बहुत ज्यादा नहीं सोचना चाहिए क्योंकि ये बाजार में हाल ही में हुई ब्लॉक डील्स की वजह से भी है. इसलिए विदेशी निवेशक भी इस मौजूदा चरण का लाभ उठाने के लिए जहां से भी संभव हो प्रॉफिट बुक करने के अवसर खोज रहे हैं. लंबे समय के लिए कोई बड़ी चिंता नहीं है. अधिकतर मार्केट एक्सपर्ट्स की राय है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां फॉरेन इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए फ्लो के मामले में चिंता अधिक प्रभावित कर रही हैं.

# रुपये की गिरावट बनी चिंता का कारण

**नई दिल्ली.** रुपए में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट देखने को मिली है. करेंसी मार्केट में लगातार दो दिनों में रुपया 51 पैसे टूट चुका है. जिस तरह से 2 जून को रुपए ने पॉजिटिव तरीके से शुरुआत की थी. ऐसा लग रहा था कि मई की सारी गिरावट जून के कुछ कारोबारी दिनों में पूरी हो जाएगी. बीते दो दिनों के परफॉर्मेंस को देखकर ऐसा लग रहा है कि रुपए को एक बड़े सहारे की जरूरत है. वो सहारा आने वाले दिनों में देश का सेंट्रल बैंक आरबीआई बन सकता है.उसका कारण भी है.

बुधवार से आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक शुरू हो चुकी है. 6 जून को आरबीआई एमपीसी ब्याज दरों में कटौती का ऐलान कर सकता है. जबकि 25 बेसिस प्वाइंट से लेकर 50 बेसिस प्वाइंट तक हो सकता है. जिसकी वजह से रुपए को बूस्ट मिलता हुआ दिखाई दे सकता है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर करेंसी मार्केट में किस तरह के आंकड़े देखने को मिल रहे हैं. बुधवार को लगातार दूसरे सत्र में रुपया कमजोर हुआ और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 पैसे की गिरावट के साथ 85.90 (अंतिम) पर बंद हुआ.

जोखिम से बचने की भावना और विदेशी फंड की निकासी के कारण यह गिरावट आई. विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि रूस-यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण स्थानीय मुद्रा दबाव में रही. इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया 85.69 पर ओपन हुई और दिन के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.69 के हाई लेवल और 86.05 के लोअर लेवल के बीच घूमती रही.

## अनिल अंबानी के शेयर में 11% उछाल

**नई दिल्ली.** वक्त बदलते देर नहीं लगता है. भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर ने धमाल मचा दिया है. कंपनी का स्टॉक एक ही दिन में 11% तक चढ़ गया, जिससे निवेशकों की चांदी हो गई. इससे पहले रिलायंस पावर के शेयर में भी जोरदार तेजी देखी गई थी.अब एक और रिलायंस ग्रुप कंपनी के प्रदर्शन ने मार्केट में हलचल मचा दी है. आज रिलायंस इंफ्रास्टक्टर का शेयर बीएसई पर 11.11% की तेजी के साथ 380.05 रुपए पर बंद हुआ है.

# शराब बिक्री से कमाई में उछाल

**लखनऊ.**


उत्तर प्रदेश में शराब से होने वाली आय में बीते चार सालों में 40% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, और इसका श्रेय जाता है राज्य सरकार की नई ऑनलाइन शराब लॉटरी व्यवस्था को. इस व्यवस्था के तहत 27,308 शराब दुकानों के लाइसेंस के लिए 4 लाख से अधिक आवेदनों की बाढ़ आ गई. साथ ही, कंपोजिट दुकानों की शुरुआत ने राजस्व बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई, जहां बीयर और स्कॉच जैसी सभी कैटेगरी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं.





❑ राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में शराब से मिलने वाला राजस्व 51,000 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि 2018-19 में यह 23,927 करोड़ था. यह लगभग दोगुनी बढ़ोतरी है. इसका कारण है नई आबकारी नीति, जिसे 2024 में लागू किया गया था.


लॉटरी के तहत देशी शराब, कंपोजिट दुकानें, भांग की दुकानें और मॉडल दुकानें (जहां बैठने की व्यवस्था भी होती है) आवंटित की गईं. मार्च-अप्रैल 2024 के दौरान हुई इस लॉटरी में 4,18,111 आवेदन आए. इनमें सबसे अधिक रुचि कंपोजिट दुकानों में देखी गई, जिनमें बीयर और IMFL दोनों मिलती हैं. जैसे ग्रेटर नोएडा की एक दुकान के लिए 265 लोगों ने आवेदन किया.

बिहार में शराबबंदी के चलते कुशीनगर, देवरिया, गाजीपुर, बलिया, चंदौली और सोनभद्र जैसे यूपी के सीमावर्ती जिलों में शराब की बिक्री में तीन गुना तक उछाल आया है. लोग नाव, ट्रेन और बस से यूपी आकर शराब खरीदते हैं. सरकार की स्मार्ट नीतियों और डिजिटल लॉटरी सिस्टम की बदौलत उत्तर प्रदेश न केवल शराब बिक्री में सबसे आगे है, बल्कि इससे राज्य की आय में भी बड़ा इजाफा हुआ है. शराब अब केवल एक व्यापार नहीं, सरकार के खजाने को भरने वाला सबसे प्रभावी ज़रिया बन चुका है.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# एमएनएस प्रमुख बोले पढ़ाई हो मराठी-इंग्लिश में

**मुंबई.**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे को पत्र लिखा. जिसमें उन्होंने मांग की है कि 'महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से केवल दो भाषाएं 'मराठी और अंग्रेजी' ही पढ़ाई जाएं'.

यह मांग उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रस्तावित त्रिभाषा नीति के विरोध में की है. जिसमें हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा के रूप में शामिल करने की बात थी. राज ठाकरे ने अपने पत्र में कहा कि 'सरकार ने पहले घोषणा की थी कि पहली से पांचवीं कक्षा तक मराठी, अंग्रेजी और हिंदी पढ़ाई जाएगी. लेकिन जनता के विरोध और मराठी भाषा की अस्मिता को लेकर उठे सवालों के बाद सरकार ने स्पष्ट किया कि हिंदी अनिवार्य नहीं होगी. फिर भी इस संबंध में कोई लिखित आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है, जिससे स्कूलों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है.



## राज ठाकरे का पत्र क्यों है अहम

● यह पत्र महाराष्ट्र में भाषा नीति को लेकर चल रही बहस को और गर्म करने वाला है. ठाकरे की यह मांग मराठी अस्मिता के मुद्दे को फिर से केंद्र में ला सकती है. खासकर तब जब लोकल संस्थाओं के चुनाव नजदीक हैं. एमएनएस ने पहले भी हिंदी को अनिवार्य करने के फैसले का कड़ा विरोध किया था और अब यह पत्र उस विरोध को और मजबूत करता है.

उन्होंने पत्र में यह भी जिक्र किया कि 'तीन भाषा नीति के आधार पर हिंदी की किताबों की छपाई शुरू हो चुकी है.' ठाकरे ने चेतावनी दी कि 'अगर भविष्य में सरकार अपने पुराने फैसले पर लौटती है, तो इसकी जिम्मेदार वह खुद होगी.'

उन्होंने मांग की कि शिक्षा विभाग जल्द से जल्द एक स्पष्ट और लिखित आदेश जारी करे, जिसमें साफ हो कि पहली कक्षा से केवल मराठी और अंग्रेजी ही पढ़ाई जाएगी. ठाकरे ने तर्क दिया कि कई अन्य राज्यों ने दो भाषाओं की नीति को ही अपनाया है और महाराष्ट्र को भी उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. उन्होंने कहा कि मराठी भाषा और संस्कृति महाराष्ट्र की पहचान है और इसे हर हाल में बचाना जरूरी है.

# नितेश राणे ने उठाया वाटर टैक्सी मुद्दा



**मुंबई.**

मुंबई जल्द ही जलमार्ग से नवी मुंबई हवाई अड्डे से जुड़ जाएगा। मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट को मुंबई से जोड़ने के लिए वॉटर टैक्सी सर्विस शुरू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी जगहों पर जेटी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस सर्विस के शुरू होने से मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक का सफर केवल 40 मिनट में पूरा हो सकेगा।

वॉटर टैक्सी शुरू करने को लेकर मंत्रालय में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में परिवहन, बंदरगाह और हवाई यातायात विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय सेठी, नवी मुंबई एयरपोर्ट अथॉरिटी के ब्रिजेश सिंघल और महाराष्ट्र सागरी मंडल के प्रदीप बढिये समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मीटिंग में वॉटर टैक्सी सर्विस शुरू करने के लिए जरूरी सुविधाओं पर भी बात हुई। राणे ने कहा कि वॉटर टैक्सी के लिए टर्मिनल बनाने का काम धीरे-धीरे शुरू किया जाए।

एयरपोर्ट अथॉरिटी को परमिशन के लिए प्रस्ताव देना होगा। माल ढुलाई के लिए भी जेटी बनाने की जगह तय की जाए। अभी मुंबई से नवी मुंबई जाने के लिए सायन-पनवेल हाईवे, विलासराव देशमुख ईस्टर्न फ्रीवे और हार्बर रेलवे लाइन है।

रेडिओ जेटी से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक वॉटर टैक्सी चलाने का प्लान है। इस रास्ते में दूसरे स्टॉपेज की भी जांच की जा रही है। इस सफर के लिए इलेक्ट्रिक बोट का इस्तेमाल होगा। इससे प्रदूषण कम होगा और पर्यावरण के लिए एक नया रास्ता खुलेगा। साथ ही बिना ट्रैफिक जाम के लोग जल्दी नवी मुंबई पहुंच सकेंगे। नितेश राणे ने कहा कि मुंबई के आसपास जल परिवहन के कई विकल्प हैं और उनका इस्तेमाल होना चाहिए।

# नाबालिग साली के गर्भवती होने का मामला दर्ज



**लातूर.**

महाराष्ट्र के लातूर जिले के औसा तालुका से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ कथित तौर पर कई बार बलात्कार किया गया। घटना के करीब सात महीने बाद अब इसका खुलासा हुआ है, जब पीड़िता की मेडिकल जांच में उसके छह महीने की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब पीड़िता अपनी बहन और बहनोई के साथ रह रही थी। पीड़िता के जीजा को आरोपी ने खेतिहर मजदूर के तौर पर अपने यहां काम पर रखा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी अक्सर नाबालिग लड़की पर नजर रखा करता था और जब भी वह खेत में बने शेड में अकेली होती, वह वहां पहुंच जाता। इसी दौरान एक मौके पर आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरन यौन संबंध बनाए और किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर और धमकी की वजह से पीड़िता ने कई महीनों तक यह बात सभी से छुपाई। हाल ही में जब नाबालिग पीड़िता की तबीयत बिगड़ने लगी तो मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें वह छह महीने की गर्भवती निकली। यह जानकर परिवार के लोग सन्न रह गए। उन्होंने नाबालिग से इस बारे में पूछा तो उसने सारी बात बता दी और इसके बाद इस जघन्य वारदात का पर्दाफाश हुआ। जिसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंचा। औसा थाने में पीड़िता और उसके परिवार की शिकायत के आधार पर 30 मई को केस दर्ज किया गया। लेकिन आरोपी तब तक फरार हो गया। पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।

# बीजेपी के मंत्री का बकरीद पर विवादित बयान एनसीपी ने कसा तंज

**मुंबई.**

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे एक बार फिर अपने विवादास्पद बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी पर टिप्पणी करते हुए सवाल उठाया कि जो लोग दिवाली और होली को पर्यावरण अनुकूल यानी इको-फ्रेंडली तरीके से मनाने की अपील करते हैं, वे बकरीद पर वर्चुअल कुर्बानी की बात क्यों नहीं करते? बीजेपी नेता नितेश राणे ने कहा, 'जो लोग हर साल दिवाली और होली को इको-फ्रेंडली मनाने की सलाह देते हैं, वे बकरीद पर चुप क्यों रहते हैं? क्या वे मुस्लिम समाज से यह नहीं कह सकते कि वे भी वर्चुअल बकरा काटकर पर्यावरण के अनुकूल बकरीद मनाएं?'

उनकी इस टिप्पणी पर राजनीतिक गलियारों से लेकर सामाजिक संगठनों तक तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। विपक्षी नेताओं ने बीजेपी सरकार से अपील की है कि वह ऐसे बयानों पर लगाम लगाए जो समाज में तनाव पैदा कर सकते हैं। एनसीपी (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता जितेंद्र आव्हाड ने भाजपा के मंत्री नितेश राणे के बयान पर तंज कसते हुए कहा, "नितेश राणे अब महाराष्ट्र के बहुत टेक्नोलॉजिकल एडवांस मंत्री बन गए हैं। बहुत अच्छा विचार है, कल को वे कहेंगे कि खाना भी सभी को वर्चुअली खाना चाहिए. वहीँ, नितेश राणे के बयान की निंदा करते हुए महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा, "मंत्री नितेश राणे को ऐसे नफरती बयान नहीं देने चाहिए। वह बार-बार भारतीय मुसलमानों पर पाकिस्तान को लेकर तंज कसते हैं, जो सही नहीं है। उनकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भारतीय मुसलमानों को पसंद करते हैं। नितेश राणे का स्तर इतना नहीं है कि वह सीएम फडणवीस का नाम भी ले सकें। अगर उनके बयान की वजह से दो समुदायों के बीच किसी प्रकार का टकराव होता है या दंगा भड़कता है, तो अल्पसंख्यक आयोग धारा-10 के तहत नितेश राणे को नोटिस जारी करेगा.

# एसटी कर्मचारियों के भत्ते में 7 प्रश बढ़ोतरी

**मुंबई.**



राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) के कर्मचारियों के मूल वेतन पर महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार, एसटी कर्मचारियों को जून 2025 से 46 फीसदी के बजाय 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। साथ ही महामंडल के कर्मचारियों को महात्मा फुले जन आरोग्य योजना या धर्मवीर आनंद दिघे चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में से किसी एक योजना को चुनने का विकल्प दिया गया है। कर्मचारियों को 1 करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा कवर लागू करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 9 के बजाय 12 महीने के लिए मुफ्त यात्रा देने की घोषणा उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की है। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में एसटी महामंडल के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस बैठक में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक सदाभाऊ खोत, पूर्व सांसद आनंदराव अडसूल, पूर्व विधायक अभिजीत अडसूल, परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष माधव कुसेकर और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में संगठनों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि निधि की उपलब्धता के बाद महंगाई भत्ते के बकाया के बारे में निर्णय लिया जाएगा। एसटी की आय बढ़ाने, ईंधन की बचत जैसे मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा हुई। जिन कर्मचारियों का वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक में है, उनके लिए ड्यूटी पर या ड्यूटी से बाहर होने पर दुर्घटना होने पर बीमा कवर लागू किया जा रहा है। इसमें व्यक्तिगत दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर 1 करोड़ रुपये, पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 1 करोड़ रुपये और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 80 लाख रुपये मिलेगा। ऐसा दावा उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बैठक के बाद किया। शिंदे ने कहा कि एसटी से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों और उनकी पत्नियों को एक साल के लिए मुफ्त यात्रा पास दिए जाएंगे। इस निर्णय से करीब 35 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की संयुक्त योजना के तहत कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा लाभ मिलता है। इसके साथ ही धर्मवीर आनंद दिघे चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना भी शुरू की गई है। शिंदे ने कहा कि कर्मचारियों को इन दोनों योजनाओं में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया है। दुर्घटना बीमा कवर लागू करने के लिए स्टेट बैंक और कर्मचारियों के साथ एक ज्ञापन हस्ताक्षर किया है।

# महाराष्ट्र में कोरोना ने बढ़ाई टेंशन

**मुंबई.** महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राज्य में 86 नए मामलों की पुष्टि हुई और चार संक्रमितों ने दम तोड़ दिया। उधर, शिवसेना के वरिष्ठ नेता हेमंत गोडसे भी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए है. मंगलवार को उनकी कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई। फिलहाल, वह डॉक्टरों की देखरेख में होम क्वारंटीन है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना के 86 नए मामले सामने आये। जबकि नागपुर में दो, मिरज में एक और चंद्रपुर में एक मरीज की मौत हुई। इस साल जनवरी से अब तक राज्य में कोविड से कुल 14 लोगों की मौत हुई है। शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक मैं अगले कुछ दिनों तक घर पर ही क्वारंटीन रहूंगा। इस दौरान व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल पाऊंगा, इसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं। आपके प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ, चिंता करने की कोई बात नहीं है। मैं जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ हो जाऊंगा और आपकी सेवा में लौटूंगा। सभी से विनम्र निवेदन है कि अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें! गौरतलब हो कि सोमवार को महाराष्ट्र में कोविड-19 के 59 नये मामले सामने आए, जिनमें से अकेले मुंबई से 20 संक्रमित हैं। इस साल जनवरी से अब तक महाराष्ट्र में 959 सैंपल कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। इनमें से सबसे अधिक 509 मामले मुंबई से सामने आए हैं। इनमें से अधिकतर 477 अकेले मई में सामने आये। राज्य में कोविड-19 मरीजों में हल्के लक्षण पाए जा रहे हैं। सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने, मास्क पहनने, भीड़भाड़ में जाने से बचने और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# मुंबई का करोड़पति बन गया चोर

**मुंबई.**

बात एक ऐसे चोर की है, जो करोड़ों का मालिक है. इस चोर के पास मुंबई जैसे शहर में फ्लैट, बिहार में अच्छा-खासा मकान और खेती की जमीन के अलावा काफी बैंक बैलेंस भी है, लेकिन ये दौलतमंद चोर चोरी की अपनी आदत से मजबूर था. ये चोर वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाता था कि लोगों को किसी तरह का शक न हो. वो पुलिस को चकमा देने के लिए महिलाओं के कपड़े पहनकर चोरी करने जाता था. चोरी के लिए और क्या-क्या तरीके अपनाता था ये मालदार चोर और कैसे पुलिस की पकड़ में आया.

## रात में महिलाओं के भेष में करता था चोरी

दरअसल, ये शख्स कोई साधारण चोर नहीं है. ये एक दौलतमंद चोर है, जिसके पास फ्लैट, मकान से लेकर खेती की जमीनें भी हैं और बैंक में जमा लाखों रुपये भी, लेकिन ये मुंबई में चोरी के वारदात को अंजाम दिया करता था. दिन में रेकी करता था और रात में महिला के भेष में चोरी. पुलिस से बचने के लिए ये चोर महिलाओं के कपड़े पहनकर जाता था और सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए रेलवे ट्रैक के रास्ते से जाता था. वारदात के समय ये चोर अपने चेहरे को दुपट्टे से ढंक लेता था, ताकि सीसीटीवी में उसका चेहरा न दिख सके.

मुंबई के मालाड पुलिस ने एक ऐसे शातिर सहजादे चोर को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस से बचने के लिए महिला का भेष बनाकर और सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए रेलवे ट्रैक का इस्तेमाल करता था. मालाड पुलिस ने सहजादे चोर के पास से सोना पिघलाने वाली मशीन, सोने-चांदी के 36 तोले गहने, महिलाओं के कपड़े सहित कैश जब्त किया है. पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी चोर कई बंगले और फ्लैट का मालिक है. काफी लंबे समय से वह ऐसे चोरी को अंजाम देता था, लेकिन अब तक पकड़ा में नहीं आया. हालांकि उसने अब तक ऐसे दर्जनों चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. मालाड पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद शहजादे चोर को गिरफ्तार कर लिया है. मालाड पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी तुषार सुखदेवे, संतोष सातवासे अमित गावंड, अविनाश जाधव हवलदार महेश डोईफोड़े की टीम ने रेलवे ट्रैक सहित अन्य लोकेशन के करीब 150 से ज्यादासीसिटिवबी कैमरे की जांच-पड़ताल के बाद यह खुलासा किया. पुलिस को ऐसे और कई संगीन खुलासे का अंदेशा है, क्योंकि आरोपी करीब 10 साल से ऐसे अनगिनत वारदात को अंजाम देते हुए बड़े चालाकी से बचता हुआ करोडों के फ्लैट, जमीन और बंगले का मालिक बना है.

सीसीटीवी तस्वीरों में जो शख्स चुपके-चुपके और बहुत चौकन्ना होकर आगे बढ़ता दिख रहा है, उसे देखकर किसी को भी ये भ्रम हो सकता था कि वो कोई महिला ही है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही निकली. महिला का भेष बनाकर चोरी करने वाले इस शख्स को जब गिरफ्तार किया गया तो इस शातिर चोर के बारे में ऐसे खुलासे हुए कि उसे जानकर मुंबई पुलिस भी हैरान रह गई. मालाड डिवीजन के एसीपी हेमंत सावंत के अनुसार, शातिर आरोपी रंजीत कुमार उपेंद्र उर्फ मुन्ना (44) बबुआगंज बिहार का रहने वाला है. मालाड मालवाणी इलाके से उसकी गिरफ्तारी हुई है. आरोपी पुलिस से बचने के लिए कभी महिला का ड्रेस पहनकर चोरी करता था तो कभी भिखारी के रूप मे रेलवे ट्रैक से चलकर चोरी करने जाता था. मालाड पुलिस के सीनियर अधिकारी विजय पंहाले के अनुसार, आरोपी के पास से करीब 57 लाख की प्रॉपर्टी जब्त की गई है, जिसमें 16 लाख कैश बैंक मे फ्रीज किया है और 41 लाख के गहने और सामान जब्त किया गया है. अब तक इस शातिर चोर के खिलाफ 8 मामले सामने आए हैं, जबकि पहले इसकी कहीं भी गिरफ्तारी नहीं हुई है.

# 'उद्धव सेना को बर्बाद करने के लिए संजय राउत ही काफी'

**मुंबई.**

राज्य के जल संसाधन मंत्री और बीजेपी नेता गिरीश महाजन और उद्धव सेना के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत के बीच वाक युद्ध जारी है। महाजन ने संजय राउत को दलाल बताते हुए कहा है कि उद्धव ठाकरे को बर्बाद करने के लिए किसी विपक्ष की जरूरत नहीं है, बस एक राउत ही काफी हैं। इससे पहले राउत ने कहा था कि जब बीजेपी राज्य में सत्ता से बाहर होगी तो सबसे पहले पार्टी छोड़ने वाले महाजन ही होंगे।बीजेपी के वरिष्ठ नेता महाजन को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है, लेकिन राजनीतिक हलकों में यह चर्चा गरम है कि फडणवीस और महाजन के बीच अब पहले जैसा रिश्ता नहीं रहा।

इसका कारण माना जा रहा है कि 2014 में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार एकनाथ खडसे को साइड करने में महाजन की बड़ी भूमिका रही। आज खडसे पार्टी में भी नहीं है। दोनों के बीच बयानबाजी की शुरुआत महाजन से हुई। नासिक जिले के एक कार्यक्रम में महाजन ने कहा था कि उद्धव सेना खत्म होने के कगार पर है। अगले आठ दिनों में उनके साथ कोई नहीं बचेगा। महाजन का यह बयान सांसद संजय राउत को चुभ गया। राउत ने पलटवार करते हुए कहा कि महाजन सबसे पहले यह तय करें कि क्या पार्टी में उनकी खुद की जमीन बची भी है या नहीं। बीजेपी एक समय पवित्र लोगों की पार्टी हुआ करती थी। आज पार्टी को दलाल, भ्रष्ट लोग और ठेकेदार चला रहे हैं और ये लोग हमारी पार्टी को मिटाने निकले हैं। जिनके पास पुलिस है, पैसा है, वे इन ताकतों का इस्तेमाल कर लोगों को डराकर पार्टी तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए बीजेपी ने जो दलाल नियुक्त किए हैं, गिरीश महाजन उन्हीं में से एक हैं। जिस दिन सत्ता हमारे पास होगी, सबसे पहले दल बदलने वालों में गिरीश महाजन ही होंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग धन से जुड़ी कीमती सलाह दे सकते हैं।'

**वृषभ** - सेहत पर आज नजर रखने की जरूरत है। आर्थिक स्थिति में सुधार निश्चित है। आज का दिन आपके परिवार में खुशियों की सौगात ला सकता है।

**मिथुन** - आज फिट रहने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करें। आपको आर्थिक लाभ होगा। प्रेमी-प्रेमिका के बीच अनबन हो सकती है।

**कर्क** - आज आपको घरेलू परेशानियां घेर सकती हैं लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है आप इनका हल निकाल लेंगे। व्यापारिक उन्नति के संकेत हैं।

**सिंह** - आज आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अपने भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए अपने अतीत में जो भी पैसा निवेश किया था, उसका आज फल मिलेगा।

**कन्या** - आज आपका आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगर आप ग्रुप एक्टिविटी में शामिल होंगे तो आप नए दोस्त बनाएंगे। कार्यों को सफलतापूर्वक करने में सफल रहेंगे।

**तुला राशि**- आज आपका आत्मविश्वास व एनर्जी बढ़ी हुई रहेगी। एनर्जी बढ़ने से कार्यों में गति आएगी। जीवनसाथी कठिन परिस्थितियों में आपका साथ देगा।

**वृश्चिक** - आज आपको निवेश से बचना चाहिए, वरना नुकसान हो सकता है। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनों का साथ मिलेगा।

**धनु** - आज मानसिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग व ध्यान का सहारा लें। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। आर्थिक रूप से दिन ठीक ठाक रहने वाला है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए खुशी व आनंद से भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।

**कुंभ** - आज आपको किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है।

**मीन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। भवन या जमीन जायदाद के सुख में वृद्धि होगी।

# पूर्व कांग्रेस नेता की संघ प्रमुख से मुलाकात

**नागपुर/मुंबई.**

छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेताओं में बड़ा चेहरा अरविंद नेताम नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुंच गए हैं। आज शाम साढ़े पांच बजे उनकी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात होगी। इस वन टू वन मीटिंग के बारे में नेताम ने एनबीटी से बात करते हुए कहा कि मैं धर्मांतरण के मुद्दे पर जरूर बात करूंगा। कल संघ के प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर नेताम चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद रहेंगे और संबोधित करेंगे। नेताम ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि संघ मुझे आमंत्रित करेगा और न ही संघ से मेरा कोई बहुत ज्यादा इंटरेक्शन है।

पिछले एक साल में आदिवासी समाज के भविष्य को लेकर कभी कभार बातचीत हुई है। नेताम ने कहा कि धर्मांतरण एक बहुत बड़ा मसला है। इससे आदिवासी समाज का अस्तित्व खतरे में दिखता है। इस देश में संघ को छोड़कर कोई और संस्था नहीं है जो समाज के बारे में सोचती है। संघ सबके बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि बस्तर में भी हमने देखा कि धर्मांतरण खतरे की बड़ी घंटी है। मुझे लगता है कि संघ ही इस मामले में मदद कर सकता है। जब संघ प्रमुख से बात होगी तो मैं धर्मांतरण, आदिवासियों के विस्थापन और पर्यावरण के मुद्दे पर जरूर बात करूंगा।

नेताम ने कहा कि मैं संघ प्रमुख से सलाह भी मांगूंगा। साथ ही पूछूंगा कि वे हमें क्या मदद कर सकते हैं। संघ के जिस प्रशिक्षण वर्ग को नेताम कल संबोधित करेंगे उससे ही संघ के प्रचारक निकलते हैं। उन्हें क्या संदेश देंगे, ये पूछने पर नेताम ने कहा कि हम चाहते हैं कि संघ और आदिवासियों के बीच की दूरियां कम हों। साथ ही बहुत से मुद्दे हैं जिन पर विचार अलग हो सकते हैं लेकिन कितनी एकरूपता हो सकती है, यह कोशिश होनी चाहिए। आदिवासी इलाके को बहुत कम लोग समझते हैं और खासकर संघ के जो स्वयंसेवक हैं वे बिल्कुल नए इलाके से आते हैं।


## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NPS Committed to your Wellness DR. NANDI PATH LAB
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का वि. लाडे 9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for • Vocal Classical Singing • Light Music (with Karaoke) • Zumba • Yoga • Crochet • Macrame • Drawing • Paper Crafts
<: Contact :> Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली • 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम • 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्रा • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे 7498753939, 93095 96390 8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY Computer Lab • Cricket Karate Class • Swimming Pool Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor)
Office Address Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY Talkative, Funny & Tricky Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है! • STUDENTS • TEACHERS • HOUSEWIVES • JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक विमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बँड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

## सुविचार

समय का पहिया कभी थमता नहीं मेहनत करने वालों का भाग्य कभी झुकता नहीं।

## संपादकीय

# पाक बेनकाब

पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है। सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है। इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है। ये आतंकी भारत में अस्थिरता और आतंकवाद फैलाने की कोशिशों का समर्थन ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट में इनका हाथ था। शुरू से यह अंदेशा जताया जा रहा था कि शेख हसीना सरकार के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतें थीं और अब यह साबित हो रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ढाका में कट्टरपंथियों को मजबूती मिलने से 1971 की उसकी हार का बदला पूरा हो जाएगा। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। वहां की स्टेट पॉलिसी में आतंकियों के दखल और असर को देखते हुए वैश्विक बिरादरी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। एफ़एटीएफ की इस महीने होने वाली बैठक में भारत यह मुद्दा उठा सकता है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। दूसरे देशों को भी भारत का साथ देना चाहिए क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा है।

# तेजस्वी यादव की लोकप्रियता क्या मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा पाएगी



तेजस्वी यादव अभी बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं. अब तक दो बार वो बिहार के डिप्टी सीएम रह चुके हैं. ये मौका उनको तब मिला जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ महागठबंधन के नेता हुआ करते थे. पहली बार 2015 में, और दूसरी बार अगस्त, 2022 में. लोकसभा चुनाव 2024 से पहले नीतीश कुमार फिर से एनडीए में लौट गए, और तब से लेकर अभी तक वो जब भी मौका मिलता है, ये दोहराना नहीं भूलते कि गलती हो गई थी, अब नहीं होगी और लेकिन, महागठबंधन का दरवाजा अभी बंद नहीं हुआ है. आरजेडी नेता लालू यादव कह चुके हैं कि दरवाजा हमेशा खुला है. लोकसभा चुनाव तक तेजस्वी यादव इस बात का पूरा ख्याल रखते थे कि नीतीश कुमार के खिलाफ कभी उनके मुंह से कोई विवादित बात न निकले. एक लिहाज तो दिखता है, लेकिन अब पहले वाली बात नहीं रही. अब वो कहीं नहीं जाएंगे. काफी दिनों से तेजस्वी यादव का आरोप है, 'बिहार में कुछ रिटायर अधिकारी और चंद नेता सरकार चला रहे हैं.' कानून-व्यवस्था से लेकर अलग अलग मुद्दों पर तेजस्वी यादव बीजेपी-जेडीयू सरकार को घेरते रहने वाले तेजस्वी यादव नाबालिग रेप पीड़ित के परिवार से भी मिलने गये थे. तेजस्वी यादव ने कहा है, मैं सरकार से मांग करता हूं कि स्पीडी ट्रायल कर दोषी पर अविलंब सरकार कार्रवाई करें. बिहार के मुजफ्फरपुर से पटना के पीएमसीएच अस्पताल में रेफर की गई नाबालिग रेप पीड़ित की समय से इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई थी. अब लालू परिवार की तरफ से नीतीश कुमार की सेहत पर सवाल उठाये जाने लगे हैं. और वो भी बार बार. राबड़ी देवी तो यहां तक कह चुकी हैं कि जब कुछ नहीं हो पा रहा है तो बेटे निशांत कुमार को ही मुख्यमंत्री बना दें. अव्वल तो तेजस्वी यादव हमेशा ही जन सुराज पार्टी नेता प्रशांत किशोर के निशाने पर ही रहते हैं, लेकिन नीतीश कुमार के मामले में दोनों का रुख एक जैसा ही नजर आता है.

अभी से ठीक पहले जब नीतीश कुमार महागठबंधन में थे, लालू यादव की तरफ से तेजस्वी यादव के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली करने का खूब दबाव बनाया गया. कई आरजेडी नेताओं की तरफ से भी ऐसी मांग हुआ करती थी. और, दबाव भी बनाने की कोशिश होती रही. एक बार तो दबाव में आकर नीतीश कुमार ने बोल भी दिया था कि आने वाले चुनाव में नेतृत्व तेजस्वी यादव के जिम्मे ही रहेगा. 2020 के चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिली थीं. तब नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू 43 सीटों पर पहुंच गई थी, और बीजेपी को 74 सीटें मिली थीं.बिहार विधानसभा में अभी की स्थिति देखी जाये तो आरजेडी के पास सबसे ज्यादा 80 विधायक हैं, जबकि बीजेपी के पास 77 और जेडीयू के पास 45 हैं.

243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में बहुमत का नंबर 122 होता है.तेजस्वी यादव के पक्ष में सबसे बड़ी बात फिलहाल लालू यादव की बिहार में मौजूदगी है. बशर्ते, ये चुनाव तक यूं ही बनी रहे. 2020 के चुनाव में में वो रांची जेल में थे.तेजस्वी यादव के सामने सबसे बड़ी समस्या तो घर में ही खड़ी हो गई है. घर में नये मेहमान के आने से खुशी का माहौल तो है, लेकिन तेज प्रताप को परिवार से बेदखल किये जाने का असर तो होगा ही एक बड़ी समस्या कांग्रेस का सही से साथ न देना, और राहुल गांधी का आरजेडी के वोट बैंक को कांग्रेस के पक्ष में करने की कवायद भी है. यादव के साथ मुस्लिम वोट लालू यादव की राजनीति के बड़े आधार रहे हैं, एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी का असर तो 2020 में देखा ही जा चुका है, इस बार कांग्रेस के साथ साथ प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की भी मुस्लिम वोटों पर नजर टिकी हुई है. प्रशांत किशोर लंबे समय से तेजस्वी यादव के खिलाफ कैंपेन चला रहे हैं, और लोगों को तेजस्वी यादव को मौका न देने के लिए अलग अलग तरीके से समझाते आ रहे हैं. तेजस्वी यादव भले ही नीतीश कुमार से लोकप्रियता में आगे चल रहे हों, लेकिन उनके पीछे बीजेपी मजबूती से डटी हुई है. फ़र्ज़ कीजिये, ऑपरेशन सिंदूर का चुनावों में असर हुआ तो पनघट की डगर तो कठिन हो ही सकती है.

## आलेख

**विश्व पर्यावरण दिवस विशेष**

# मानवी हस्तक्षेप से बिगड़ा प्रकृति का संतुलन



सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन संभव है। इसका कारण है यहाँ पर जीवन के लिए आवश्यक तत्वों का समुचित संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता। लेकिन आज का मानव अपने स्वार्थ, लालच और सुविधा के लिए इस पर्यावरण का तेजी से दोहन कर रहा है, जिससे जीवन के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, वन कटाई, शहरीकरण, प्लास्टिक और जहरीले रसायनों का उपयोग, जल एवं वायु की गुणवत्ता में गिरावट और ओजोन परत का क्षरण, सभी ने पर्यावरण असंतुलन को जन्म दिया है।

इन कारणों से प्राकृतिक आपदाओं में भारी वृद्धि हुई है. जैसे बाढ़, सूखा, लू, चक्रवात और बर्फ का पिघलना। इन आपदाओं का प्रभाव सीधे तौर पर फसलों, किसानों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर पड़ा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ऋतुचक्र असंतुलित हो गया है। कभी गर्मियों में बारिश, तो कभी सर्दियों में असामान्य गर्मी। इससे खेती पर बुरा असर पड़ता है और किसानों की आजीविका संकट में पड़ जाती है। हिमखंडों के पिघलने से समुद्र स्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों पर खतरा मंडरा रहा है। साथ ही, मानवीय स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है. गर्मी से बीमारियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। 5 जून को हर वर्ष 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है, ताकि हम पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। 2025 की थीम है: 'वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें', जो हमें प्लास्टिक के खतरों के प्रति आगाह करती है और टिकाऊ विकल्पों को अपनाने की प्रेरणा देती है। प्लास्टिक प्रदूषण नदियों, समुद्रों और भूमि को विषैला बना रहा है और इससे जलीय जीवन तथा मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। आज स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अमेरिका स्थित हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में दुनियाभर में 8.1 मिलियन मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं। इनमें से अधिकांश मौतें एशिया और अफ्रीका में उन बच्चों की थीं जो प्रदूषणकारी ईंधन का इस्तेमाल कर भोजन पकाने वाले घरों में रहते थे। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, यदि समय रहते उपाय नहीं किए गए तो 2050 तक 14.5 मिलियन लोगों की मृत्यु जलवायु संकट से हो सकती है।

इसके साथ ही, आर्थिक क्षति का अनुमान 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। शहरीकरण और अतिक्रमण ने हरियाली को निगल लिया है। जहाँ पहले वृक्ष थे, वहाँ अब कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। शहरों से नदियों नालों में बदल चुकी हैं। सड़कें गड्ढों से भर जाती हैं, बारिश में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं और सरकारी दावे झूठे साबित होते हैं। खुले में कचरा जलाना, प्लास्टिक का उपयोग, निर्माण स्थलों की अव्यवस्था, और ठेकेदारों की लापरवाही आम बात हो गई है। आम जनता इस सबकी कीमत चुका रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अब युद्धस्तर पर प्रयास करने होंगे। पहला कदम है: प्रदूषण पर नियंत्रण। वायु और जल प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कानूनों की आवश्यकता है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना, औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण, और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार आवश्यक है। वनों का संरक्षण और वृक्षारोपण भी अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष हमें न केवल ऑक्सीजन देते हैं बल्कि पर्यावरण को संतुलित भी करते हैं। पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन को कम करने हेतु ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और टिकाऊ जीवनशैली अपनाना आज की आवश्यकता है।

जैविक खेती को बढ़ावा देना, रासायनिक उर्वरकों पर रोक लगाना और उपजाऊ भूमि की रक्षा करना भी जरूरी है। इसके अलावा, प्लास्टिक और ई-वेस्ट का पुनर्चक्रण, वर्षा जल संचयन और हरित क्षेत्रों का विस्तार पर्यावरण की रक्षा में सहायक हो सकते हैं। गांवों से शहरों की ओर पलायन को रोकने के लिए हमें ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा, जिससे जनसंख्या का दबाव शहरों पर न बढ़े और वहां की हरियाली सुरक्षित रह सके। पर्यावरण हमारी साँसों का आधार है। यदि हमने अब भी सुधार नहीं किया, तो अगली पीढ़ियां केवल प्रदूषण, बीमारियां और संकट की विरासत पाएंगी। इसलिए, यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलें, न कि उसे नष्ट करें। जो हमने पर्यावरण को दिया है, वह हमें लौटकर मिल रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम जिम्मेदारी से व्यवहार करें और इस सुंदर धरती को बचाए रखें।

## व्यंग्य

**रमेश लांजेवार**

# जलवायु परिवर्तन से बिगड़ा पर्यावरण



कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने दुनिया को यह सिखा दिया कि 'ऑक्सीजन' कितनी कीमती है। उस समय लोगों ने महसूस किया कि हवा, पानी और प्रकृति का महत्व क्या होता है। ऑक्सीजन की पूर्ति के लिए पेड़ों का होना और पर्यावरण का संतुलित रहना बेहद जरूरी है। पर्यावरण में बिगाड़ का प्रमुख कारण है शहरीकरण, औद्योगीकरण और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन। इससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। मई 2024 में दिल्ली का तापमान 52.3°C तक पहुँच गया, जो एक भयावह संकेत है। इससे पहले राजस्थान, इराक और बंगाल जैसे स्थानों पर भी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवातों का सामना किया गया। बढ़ता तापमान, पिघलते ग्लेशियर, घटती वर्षा, और बढ़ती बीमारियां. यह सब पर्यावरण असंतुलन के गंभीर परिणाम हैं। वनों की अंधाधुंध कटाई से जानवरों का आवास खत्म हो रहा है, और वे शहरों में घुसने लगे हैं। गिद्ध जैसे कई पक्षी विलुप्ति की कगार पर हैं। इसके पीछे दुनिया की महाशक्तियों की भूमिका भी चिंताजनक है। यूक्रेन-रूस युद्ध, इजराइल-ईरान संघर्ष और परमाणु हथियारों की होड़ से न केवल मानव जीवन खतरे में है, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान हुआ है। प्रकृति की हरियाली की जगह अब युद्ध की बारूद ने ले ली है। एकमात्र उपाय है.सामूहिक जागरूकता और जिम्मेदारी। हमें बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना चाहिए। "हर घर वृक्ष" अभियान चलाकर पर्यावरण को फिर से हरा-भरा बनाना होगा। जल संरक्षण, वायु शुद्धिकरण, और भूमि की रक्षा आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। लॉकडाउन के दौरान नदियाँ साफ हो गईं, वायु प्रदूषण कम हुआ, और पर्यावरण में सुधार देखा गया। इसलिए यह सुझाव उचित लगता है कि हर महीने एक दिन का लॉकडाउन पर्यावरण के लिए रखा जाए, ताकि प्रकृति को थोड़ा विश्राम मिले। हर देश को युद्ध की बजाय शांति और प्रकृति की रक्षा की ओर बढ़ना होगा। केवल हथियारों से नहीं, प्रकृति के प्रति भक्ति और बुद्धिमत्ता से ही पृथ्वी को बचाया जा सकता है। अपने घरों में तुलसी, एलोवेरा, मनी प्लांट जैसे पौधे लगाएं और सार्वजनिक स्थलों पर पीपल, नीम, बरगद जैसे पेड़ लगाकर ऑक्सीजन बढ़ाएं। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, पर्यावरण बचाओ. यही जीवन का असली मंत्र है।

## आस्था


# पढ़ाई में मन लगाएंगे ये 4 वास्तु टिप्स

वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में बहुत असर पड़ता है. स्टूडेंट्स का मन अक्सर पढ़ाई के दौरान भटकता है. वास्तु के अनुसार वो कौन-सी 5 बातें हैं जिन्हें स्टूडेंट्स का कमरा बनवाते समय ध्यान में रखना चाहिए और बच्चों की पढ़ाई के प्रति एकाग्रता बनी रहे उसके लिए किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए. जानते हैं वास्तु के अनुसार वो कौन से टिप्स हैं जिनका ख्याल रखना चाहिए जिससे पढ़ाई में ध्यान केंद्रित रहें. वास्तु शास्त्र के जरिए जानते हैं, वो 5 सरल वास्तु टिप्स जो स्टूडेंट्स की एकाग्रता को बेहतर बनाने और परीक्षाओं में सफलता पाने में मदद कर सकते हैं. 1 पढ़ाई करने के लिए उत्तर पूर्व या पूर्व दिशा को सबसे उत्तम माना गया है. इस दिशा को एकाग्रता के लिए श्रेष्ठ माना गया है. पढ़ाई करते समय खाली दीवार का सामना करने से बचें. 2 वास्तु के अनुसार बच्चे जिस कमरे में पढ़ाई करते हैं या उनके स्टडी रूम का कलर हमेशा वास्तु के अनुसार होना चाहिए. रंगों का हमारे जीवन पर असर पड़ता है. स्टडी रूम में दीवारों पर हल्के नीले या हल्के हरे या सफेद रंग का पेंट करवाएं. ऐसा रंग मन को शांत रखता है. गहरे रंग का उपयोग करने से बचें.3 वास्तु के अनुसार स्टडी रूम को अच्छी तरह से प्रकाशित होना चाहिए, ऐसा होने से मानसिक सतर्कता बढ़ती है और पढ़ाई की ओर ध्यान केंद्रित होता है. कोशिश करें पढ़ाई करने वाले कमरे में खिड़की जरुर हो. 4 पांच तत्व. पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष. आपके आस-पास के वातावरण में ऊर्जा प्रवाह को प्रभावित करते हैं. इसलिए अपने स्टडी रूम में स्टूडेंट्स को पौधे रखने चाहिए. ऐसा करने से संतुलन बना सकता है और स्टूडेंट्स का मन पढ़ाई में लगता है.

## कहानी

**तुलसी पिल्लई**

# एक इंच मुस्कान



छत पर खड़ी सलोनी नीचे जमीन की ओर देखती हुई यह विचार कर रही थी कि इस तीन मंजिला मकान की ऊंचाई कितनी होगी? पहले भी कई बार वह छत पर ऐसे ही खड़ी होती थी। लेकिन तब ऐसे विचार नहीं आते थे। तब तो मन छत पर ठंडी और गर्म हवाओं से प्रफुल्लित रहता था। दूर-दूर तक रंगीन हरे-लाल-पीले-नीले-गुलाबी छोटे छोटे बल्ब से पूरा घर और गार्डन जगमग आ रहा था। उसके हाथों में मेहंदी और लाल चूड़ियां थी। हर एक लड़की का सपना होता है कि वह अपनी शादी में ऐसे ही मेहंदी और चूड़ियां पहने हुए बहुत सुन्दर लगे। हां,आज उसकी शादी ही थी। यह मेहंदी और चूड़ियां किसके नाम की है? (उसने खुद से ही प्रश्न किया।) रघु के नाम की तो नहीं? अब संजय के नाम की है। इतना सोचते ही उसे लगा की वो यहीं से कूद जाए। ऐसी जिन्दगी को खत्म कर दे। लेकिन खुद को मारना असंभव है। इतनी जल्दी जीवन का अंत? दूर से कानों में आ रही बैंड बाजों की आवाज। लगता है बारात आ गई है। पहले वह ऐसे ही खड़ी छत पर रघु की घंटों प्रतीक्षा करती थी और रघु भी तो कई बार उसके घर के आगे, उसे देखने के लिए बाइक पर सवार होकर कई चक्कर लगाता था और वह उसे देख कर खुश होती रहती थी। इस खुशनुमा पल को याद करके उसकी आंखों से आंसू बहने लगे और चिल्ला-चिल्ला कर रोने का मन होने लगा। क्या मेरा रघु एक धोखेबाज प्रेमी था? क्या उसकी सारी बातें झूठी थी? क्या रघु का उसके साथ समय बिताना महज मन बहलाने का साधन थी या प्रेम? क्या आज तक मैं रघु की बातों से बेवकूफ हीं बनती रही हूं? नहीं, मैंने तो उससे प्रेम किया था और उसने यह सब क्यों किया? रघु कॉलेज में सहपाठी था। उसके साथ पढ़ाई के दौरान सलोनी अपना समय बिताया करती थी और दोनों को एक दूसरे से लगाव हो गया। सलोनी को रघु की हर एक बात मोहित कर जाती थी। उसका चंचल होकर बोलना। एक बालक की तरह शरारत करना। रघु ने ही तो कॉलेज के गार्डन में उसके सामने प्रेम का प्रस्ताव रखा था और प्रेम की शुरुआत की थी ।उस दिन कितने की वादे किए और उसने कितनी कसमें खाई थी। सारी की सारी कसमें और वादे झूठी थी।उसे सारी की सारी बातें याद है ।उसने कहा था मैं तुमको कभी धोखा नहीं दूंगा। मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं। मैं एक अच्छा इंसान हूं। मेरे मन में कोई चोर नहीं है। मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं। तुम्हारे बिना मेरी जीवन की कोई कल्पना नहीं है। ईश्वर की कसम, मैं तुम्हें हद से ज्यादा चाहता हूं। सारी की सारी बातें आज दोहरा गई थी। बैंड बाजों का शोर तेजगति से उसके कानों के पास आया और वह रघु की बातों से बाहर निकल आई। सामने गार्डन में देखा तो बारात गार्डन में प्रवेश कर चुकी थी और बराती के बीचों-बीच घोड़ी पर उसका दुल्हा बैठा था। क्या यह रघु है? नहीं, यह तो संजय है। काश! यह रघु होता तो वह अपने दुल्हे को निहार भी लेती। लेकिन उसने अपनी आंखें फेर ली। बार-बार उसे याद आते हैं वहीं पल। इसी छत पर खड़ी होकर रघु की कितनी प्रतीक्षा करती थी? क्या मेरे लिए रघु का प्रेम झूठा था? अगर झूठा नहीं था तो उसने मुझसे शादी करने के लिए मना क्यों किया? क्या वह अपने माता-पिता को मेरे बारे में नहीं बता सकता था? मुझमें क्या कमी है? जो मुझसे शादी करने से उसने मना कर दिया? क्या उसके माता-पिता मुझे नहीं अपनाते? उसने अपने ही अंतर्मन से एक बार पूछा: क्या सचमुच रघु धोखेबाज था? नहीं। उसका अंतर्मन तो प्रेम में अंधा था।

## उपन्यास

**हरि भटनागर**

# एक थी मैना एक था कुम्हार

शाम को जब कुम्हार घर पहुँचा, मैना कर्कश स्वर में किटकिट करती मिली। उसे अंदेशा हुआ ज़रूर कोई गड़बड़ है। और यह गड़बड़ ख़ुद उसी से हुई है- अँगूठा लगा के! पटवारी ने साज़िश रच के उससे अँगूठा ले लिया जिसमें उसका सर्वस्व था जो अब उसका नहीं रहा। वह झोपड़े के बाहर पड़ी खाट पर बैठ गया, सिर थाम के। कुम्हारिन झोपड़े से बाहर निकली तो भोला को इस तरह बैठा देखकर बोली- अरे, तुम कब आए? मैं तो गोपी की वजह से नहीं आ पाई, उसको दस्त लग गए थे, लस्त पड़ा है, लगता है धूप लग गई.भोला उसी तरह बैठा रहा, कोई जवाब नहीं दिया, तो कुम्हारिन ने उसे झकझोर डाला- ये क्या है? मुंह क्यों लटकाए हो? साहब से भेंट हुई? बहुत ही मरी आवाज़ में भोला ने कहा - साहब मरदूद आया ही नहीं। दु:ख की बात तो ये कि बस्ती का एक आदमी पास न था। कल काकी थीं और मैं। आज काकी भी नहीं आ पाईं- ऐसे में भला मैं क्या कर लूँगा. -हे भगवान! लगता है, किसी को अपनी ज़मीन से प्यार ही नहीं - कुम्हारिन बोली -ऐसे में गौरमिंट अपने हिसाब से सबको बेदख़ल कर देगी। हम लोग रह जाएँगे टापते। यकायक वह चुप हो गई, क्षणभर बाद आगे बोली- लेकिन - तुम्हें हार नहीं माननी है। एक अकेला आदमी भी भारी होता है हुकूमत को झुकाने में कुम्हार की आँखें खुली थीं लेकिन दिमाग़ शपथ-पत्र में डूबा था जिस पर उसने अँगूठा लगाया था। क्यों की उसने ग़ल्ती? बहकावे में क्यों आ गया? और जब यह बात उसने कुम्हारिन से की तो लगा उस पर बिजली गिर पड़ी हो। काफ़ी देर तक वह अवाक्-सी रही, फिर बोली - तुमसे कहा था कि उसकी मीठी बातों में न आना; आख़िर आ ही गए!!! काहे के लिए किसी काग़ज़ पर अँगूठा लगा दिया - कहीं वह ज़मीन का काग़ज़ तो नहीं? हो सकता है, वह ज़मीन का काग़ज़ रहा हो- गहरे अफ़सोस में कुम्हारिन ने अपना मत्था पीट लिया। यकायक कुम्हार के दिमाग़ में पता नहीं क्या आया, वह उठा और दौड़ता हुआ-सा पटवारी के घर जा पहुँचा। पटवारी समझ गया कि भोला किसलिए आया है। उसने अपने को पूरी तरह ठण्डा और विनम्र रखा, पूछा -भोला, क्या हुआ? इत्ती रात में कैसे आना हुआ? खैरियत तो है? भोला ने करुणार्द्र स्वर में कहा- मालिक, हम तो आपके गुलाम हैं, आप पे भरोसा करते हैं। ज़मीन के मामले में कहीं कोई गड़बड़ी न होने पाए, नहीं हम कहीं के न रहेंगे। पटवारी ने उसका कंधा छूते हुए कहा- भोला, तू बलभद्दर पाँड़े के पास आया है, और उस पर भरोसा किया है और तू जानता है कि मैं ब्राह्मण आदमी हूँ। हमसे ग़लत बात कभी हुई न होगी, चूक की बात अलग है। इसलिए तुम निश्फिकर रहो। तुम सोच रहे होगे कि तुमसे जो अँगूठा लगवाया है, कहीं वह गड़बड़ तो नहीं। अरे भाई, लूटने के लिए तुम्हीं बचे थे क्या? यह ब्राह्मण जब तुम्हें वचन दे चुका है तो तुम्हारे साथ कोई धांधली नहीं करेगा और न होने देगा।

## लघुकथा

**अनूपा हरबोला**

# बुरी लड़की

'पूरी दुनिया में यही मिली तुझे दोस्त बनाने के लिए', हाँ! क्योंकि दोस्त बाज़ार में नहीं मिलते अपने आप बन जाते हैं. हम दोनों एक दूसरे के साथ कम्फ़र्टेबल हैं और वर्किंग आर भी एक जैसे हैं. 'ऑफिस की दोस्ती ऑफिस तक रख, क्या ज़रूरत है उसके साथ शॉपिंग, मूवी या आउटिंग जाने की। जानती है कुछ भी उसके बारे में। दूर रह उससे अच्छी लड़की नहीं है वो काफ़ी चर्चे हैं उसके।' 'कुछ भी बोलती हो आप बहुत लो फील होता है मुझे आपकी ये बिना सिर पैर की बातें सुनकर'. 'तुझे तो हमेशा मेरी बातें लो फील ही कराती हैं. पर दूर रह उससे, पता है रेप हुआ था उसके साथ पिछले साल।

मिसेज शर्मा कह रही थी कि पेपर में भी आया था उसके बारे में। उसे तेरे साथ देख कर पहचान गयीं वो उसे। वो कह रही थी दूर रखो अपनी बेटी को उससे, ऐसी लड़कियों के साथ दोस्ती ठीक नहीं।''माँ! चर्चे तो होंगे ही क्योंकि रेप के बाद भी खुद को मजबूत जो रखा है उसने।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता, B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता, B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता, B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे, B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D



डॉ. विनोद तिवारी, बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायलयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# उभाठा युवा सेना अध्यक्ष पवन गेडाम ने की आर्थिक धोखाधड़ी

## एडवोकेट मीनार खोबरागड़े का आरोप

**गढ़चिरोली.**



उभाठा शिवसेना प्रवक्ता एडवोकेट मीनार खोबरागड़े ने आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गढ़चिरौली जिले में उद्धव बालासाहेब ठाकरे समूह की युवा सेना के अध्यक्ष पवन गेडाम ने फोन पे के माध्यम से पुरानी कार खरीदने का झूठा दावा करके 25,000 रुपये की ठगी की। युवा सेना अध्यक्ष पवन गेडाम ने आठ महीने पहले फोन पे के माध्यम से 25,000 रुपये जमा के रूप में लिये थे, यह दावा करते हुए कि उन्हें पुरानी कार मिलेगी और कहा कि कार को पहले से बुक करना होगा। खोबरागड़े ने लगभग एक महीने तक इंतजार किया, इस उम्मीद में कि उन्हें जल्द ही कार मिल जाएगी। उसके बाद, जब उन्होंने पवन गेडाम से फिर से कार के बारे में पूछा, तो गेडाम ने कहा कि बुक होने में और समय लगेगा। उस समय, डेढ़ महीने तक और इंतजार करने के बाद भी, पवन गेडाम द्वारा कार नहीं लाए जाने पर जब खोबरागड़े ने उनसे बार-बार मोबाइल पर संपर्क कर पूछा तो उन्होंने कई बार झूठ बोला कि वे जल्द ही पैसे लौटा देंगे और इसके बजाय उन्होंने अपनी ही पार्टी के प्रवक्ता एडवोकेट मीनार खोबरागड़े से पूछा कि उन्होंने पार्टी के जिला प्रमुख वासुदेव शेडमाके को पैसे दिए हैं ऐसा क्यों बताया है ,अब जब मेरी बदनामी हो चुकी है तो मैं आपको पैसे नहीं दूंगा और आपको जो करना है कर लेने की धमकी दी है, अंत में जब पवन गेडाम ने मेरे पैसे लौटाने से इनकार कर दिया तो मैंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि मेरे साथ 25,000 रुपये की ठगी हुई है। पुलिस ने उस शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय 3 अप्रैल 2025 को दो पत्र जारी किए, जिसमें कहा गया कि शिकायत सिविल प्रकृति की है और तदनुसार मुझे सिविल कोर्ट में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। खोबरागड़े ने पुलिस की भूमिका पर संदेह व्यक्त किया है कि जब वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी तो पुलिस की ओर से लिखित निर्देश दिया गया था कि शिकायत सिविल प्रकृति की थी। मैंने जिला प्रमुख वासुदेव शेडमाके को भी मेरे साथ हुई आर्थिक धोखाधड़ी के बारे में बताया, लेकिन खोबरागड़े ने कहा कि उन्होंने मुझे कोई मदद नहीं की।

पवन गेडाम एक बड़ी लग्जरी कार और लाखों रुपये का मोबाइल फोन भी इस्तेमाल करता है, और खोबरागड़े ने मांग की है कि उसके वित्तीय स्रोतों की जांच की जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुझे आज जानकारी मिली कि हमारी पार्टी के युवा सेना के अध्यक्ष पवन गेडाम ने अपनी ही पार्टी के प्रवक्ता के साथ धोखाधड़ी की है। तदनुसार, मैंने तुरंत अपने पार्टी के वरिष्ठों को सूचित किया है और मैं उनसे प्राप्त आदेशों के अनुसार उचित कार्रवाई अवश्य करूंगा।

**- वासुदेव शेडमाके, जिला प्रमुख शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट**



# सिरोंचा पुलिस ने मवेशी तस्करी पकड़ी

**सिरोंचा.**



गढ़चिरोली जिले के उपविभाग में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से वध के लिए ले जाए जा रहे मवेशियों को जब्त किया है और इस मामले में कुल 20 लाख 40 हजार रुपए की सामग्री जब्त कि गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने 34 मवेशियों और एक अशोक लेलैंड ट्रक को जब्त किया है। उक्त ट्रक में बहुत ही अमानवीय तरीके से मवेशियों को ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक आरोपी पुलिस की हिरासत में है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गोपनीय सूचना के आधार पर सिरोंचा पुलिस ने यह जाल कार्रवाई की। 1 जून की रात को पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि मवेशियों को वध के लिए ले जाया जा रहा है। तदनुसार, पुलिस निरीक्षक समाधान चव्हाण के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया और संदिग्ध ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ दूर जाने के बाद उक्त ट्रक को रोककर जांच की गई। ट्रक में 34 मवेशी पाए गए। इन जानवरों के गले और पैरों में रस्सी बंधी हुई थी और गला घोंटकर उनकी हत्या की गई थी। मवेशियों की यह हालत देखकर उनकी अमानवीय स्थिति का स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है। चालक के पास इन पशुओं के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि ये सभी मवेशी नांदगांव से वध के लिए हैदराबाद ले जाए जा रहे थे। पुलिस ने उक्त ट्रक और मवेशियों को जब्त कर लिया।

पुलिस ने उक्त ट्रक और मवेशियों को जब्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक आरोपी रमेश बक्काना पोरला (उम्र 35, निवासी आसिफाबाद) को हिरासत में लिया है और इस अवैध तस्करी के पीछे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। जब्त किए गए सभी मवेशियों को तत्काल चंद्रपुर की सरकारी गौशाला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उनके लिए चारा, पानी और आवश्यक चिकित्सा उपचार की व्यवस्था की गई है। पशुओं की स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

इस घटना के संबंध में सिरोंचा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध पशु तस्करी, पशु वध या इस संबंध में संदिग्ध गतिविधियों के बारे में किसी भी जानकारी की तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस व्यवस्था ऐसे मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और दोषियों को दंडित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बल्लारपुर से एक बच्चा और राजोली से एक मरीज मोतियाबिंद सर्जरी के लिए नागपुर रवाना

> सुधीर मुनगंटीवार की पहल से निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
> श्री माता कन्याका सेवा संस्था, चंद्रपुर और शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नागपुर द्वारा आयोजित शिविर

**चंद्रपुर.**



पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री तथा विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार की पहल पर बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन शिविरों में जांच के बाद जिन रोगियों को सर्जरी की आवश्यकता बताई गई, उन्हें सर्जरी के लिए नागपुर भेजा गया। पहले चरण में कुल 58 रोगियों, जिनमें मुल से 42 और राजोली से 16, को शालिनीताई मेघे अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, वानाडोंगरी, नागपुर में सर्जरी के लिए भेजा गया है।

यह शिविर श्री माता कन्याका सेवा संस्था, चंद्रपुर और शालिनीताई मेघे वानाडोंगरी अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। अस्पताल ने मरीजों को सर्जरी के लिए नागपुर ले जाने के लिए परिवहन, आवास, भोजन और अन्य सभी सुविधाओं की व्यवस्था की है और सभी उपचार और सर्जरी पूरी तरह से निःशुल्क होगी। इस पहल के माध्यम से दृष्टिहीन रोगियों को नई दृष्टि मिलेगी।

हाल ही में श्री मुनगंटीवार की पहल पर विसापुर, नांदगांव, हल्सती, बामणी, कलमना, जुनोना, चिचपेली, अजयपुर, कोठारी, दुर्गापुर, इंदिरा नगर, राजोली और मूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

**मुनगंटीवार की पहल से हजारों सर्जरी :** श्री सुधीर मुनगंटीवार की पहल पर अब तक अनेक शिविरों के माध्यम से 35 हजार नागरिकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 15 हजार से अधिक मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी भी की जा चुकी है।

### मरीजों ने मुनगंटीवार को धन्यवाद दिया

शिविर में भाग लेने वाले मरीजों ने सुधीर मुनगंटीवार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने निःशुल्क जांच, मार्गदर्शन और सर्जरी प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया है। मुनगंटीवार ने अब तक 35 हजार से अधिक नागरिकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए हैं और 15 हजार से अधिक लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी की है।

# महेश नवमी के अवसर पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**चंद्रपुरः**



महेश नवमी पर्व के अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसी के तहत बुधवार 4 जून को शाम 5 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेंगे। शोभायात्रा से पहले लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान शिव की आरती की जाएगी , जिसके बाद शोभायात्रा शुरू होगी।

महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी चंद्रपुर तालुका संघ , माहेश्वरी युवक मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें दाताला स्थित बिग बुल टर्फ पर बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया , जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों और महिलाओं के लिए नींबू दौड़, बोरी दौड़ , धीमी गति से साइकिल चलाना जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों ने महेश नवमी महोत्सव को और अधिक रंगीन और मनोरंजक बना दिया। सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का सहयोग बहुत सराहनीय रहा। इस अवसर पर, विदर्भ क्षेत्रीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष दामोदरजी सारडा , जिला अध्यक्ष शिवनारायणजी सारडा , तालुका अध्यक्ष उमेशजी चांडक , सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील मुंधड़ा , दिनेश बजाज , सुरेशजी राठी , तहसील सचिव राजेशजी काकानी , महिला मंडल अध्यक्ष अलका चांडक , पायल सारडा , युवा संघ अध्यक्ष प्रवीण सारडा , ऋषिकांत जाखोटिया , युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष शक्तिजी धूत , श्रवण मंत्री सुधीरजी बजाज और सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजकुमार जाजू उपस्थित थे। महेश नवमी महोत्सव के परियोजना निदेशक ललित कासट ने अधिक से अधिक समाजजनों से 4 जून को निकलने वाली शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की है ।

# जोरगेवार ने जिला केंद्रीय बैंक चुनाव के संबंध में मुख्यमंत्री फडणवीस से चर्चा की

**चंद्रपुर.**



विधायक किशोर जोरगेवार ने मुंबई में मंत्रालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और 13 साल बाद हो रहे चंद्रपुर जिला केंद्रीय बैंक के चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की। इससे पहले उन्होंने समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं और कदाचारों की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया था।

2012 के बाद बैंक के चुनावों को लेकर कोर्ट ने बैंक को चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी नीतिगत निर्णय नहीं लेने का निर्देश दिया था, जो अब 2025 में आयोजित किए जा रहे हैं। हालांकि , यह आरोप है कि बैंक के मौजूदा प्रबंधन ने इन आदेशों की अवहेलना करते हुए कुछ निर्णय लिये हैं । इस बीच , कुछ महीने पहले बैंक पर साइबर हमला हुआ था। इस हमले में 3.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। इसमें से केवल 1 करोड़ रुपये की वसूली की गई और शेष 2.75 करोड़ रुपये बैंक ने ग्राहकों को लौटा दिए। गंभीर आरोप है कि यह फैसला बैंक के चेयरमैन और सीईओ ने बिना किसी आधिकारिक अनुमति के लिया था। संभावना है कि इस मामले में भी कई वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात में विधायक जोरगेवार ने इन सभी प्रकार की जानकारी दी। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री जिला केंद्रीय बैंक चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर ध्यान दें।

दुर्घटना में मृत छात्र को पांच लाख रुपये सहायता देने की मांग।

विधायक किशोर जोरगेवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की है कि कुछ दिनों पहले तुकुम में सड़क दुर्घटना में मरने वाली 22 वर्षीय छात्रा सानिका कुमरे के परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए ।

वाहन चालक का नियंत्रण खो गया और उसकी गाड़ी सड़क किनारे खड़े नागरिकों पर गिर गई। इस दुर्घटना में सानिका की मौके पर ही मौत हो गई , जबकि उसकी सहेली काजल गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद विधायक जोरगेवार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल जाकर काजल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

सौनेर खान ने मुख्यमंत्री को पर्यटन सर्वेक्षण का अवलोकन दिया

हाल ही में विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिकारियों के साथ नागपुर के सावनेर में भूमिगत खदान पर्यटन परियोजना का निरीक्षण किया। इसी आधार पर उन्होंने चंद्रपुर में महाकाली कोलियरी की बंद पड़ी भूमिगत खदान में पर्यटन शुरू करने का निर्णय लिया है।


# कार और दुपहिया में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

**गडचांदूर.**



राजुरा हायवे पर हादसा राजुरा (सं) नाइकनगर गांव के पास गड़चांदूर-राजुरा हाईवे पर मंगलवार (3 जून) शाम 7:30 बजे भीषण दोपहिया वाहन दुर्घटना हुई. इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई और दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है. मृतक मुल तहसील के चिरोली गांव का निवासी उमेश रामदास लेनगुरे 41 है जबकि घायल कढोली खु. निवासी लंकेश कैलाश मानकर 37 है.

दोनों अपनी बाईक से गडचांदूर से राजुरा आ रहे थे. तभी तेज रफ्तार कार क्र. एमएच 29 बीसी 0568 ने उनके वाहन को टक्कर मार दी. जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलने पर राजुरा के पुलिस निरीक्षक सुमीत परतेकी अपने दलबल के साथ पहुंचे और घायलों को सबसे पहले ग्रामीण अस्पताल राजुरा पहुंचाया जहां उनकी हालत नाजुक देख चंद्रपुर रैफर किया गया. उमेश को आगे के उपचार के लिए नागपुर ले जाया जा रहा था परंतु बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई. पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जांच की जा रही है.



# पंजाब की हार के बाद वायरल हुआ सलमान का पुराना ट्वीट



विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आखिरकार 18 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा जमा ही लिया. खिताबी मुकाबले में आरसीबी ने प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को 6 रनों से मात दी और पहली बार फाइनल अपने नाम किया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद सेलेब्स उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं. इसी बीच बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का पोस्ट भी सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है.विराट कोहली की टीम की जीत के बाद सलमान खान का जो पोस्ट वायरल हो रहा है वो अभी का नहीं बल्कि 11 साल पहले का है. इसमें सलमान खान पूछ रहे हैं कि क्या प्रीति जिंटा की टीम जीत गई. प्रीति पंजाब किंग्स की को-ऑनर हैं. सलमान खान ने 28 मई 2014 को एक्स पर एक ट्वीट करते हुए लिखा था, "जिंटा (प्रीति जिंटा) की टीम जीत गई क्या?" अब फाइनल में पंजाब की हार के बाद सलमान का ये पोस्ट फिर से चर्चा में आ गया.मंगलवार शाम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बैटिंग करने का न्योता दिया था. आरसीबी ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए. विराट ने सबसे ज्यादा 43 रनों की पारी खेली. वहीं पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमिसन ने तीन-तीन विकेट झटके. जवाब में पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी और 6 रनों से खिताब गंवा बैठी. पंजाब के लिए शशांक सिंह ने 30 गेंदों में नाबाद 61 रनों की पारी खेली. वहीं आरसीबी के लिए क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ने दो-दो विकेट चटकाए.लमान खान ने साल 2014 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए खिताबी मैच से पहले ट्वीट किया था. हालांकि तब भी पंजाब की टीम जीत हासिल नहीं कर पाई थी. फाइनल में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 199 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया था. हालांकि कोलकाता ने टारगेट तीन गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था.



# नीना गुप्ता ने फिल्म प्रमोशन में पहनी छोटी ड्रेस



बॉलीवुड इंडस्ट्री की वेटरन एक्ट्रेस नीना गुप्ता की बेहतरीन एक्टिंग के लोग दीवाने रहते हैं. उन्होंने अपने के दम पर सिनेमा की दुनिया में अलग ही पहचान बनाई है. 65 साल का नीना गुप्ता अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती है. वह हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' के प्रमोशन के लिए जाते हुए स्पॉट हुई हैं और उन्हें पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया. नीना गुप्ता का नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्हें ट्रोल किया जा रहा है. इसके पीछे उनकी शॉर्ट ड्रेस का होना है. लोग उन्हें सही से कपड़े पहनने की सलाह दे रहे हैं. आइए जानते हैं कि नीना गुप्ता ने क्या पहना था और लोग उनको लेकर क्या कह रहे हैं.नीना गुप्ता फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट के साथ प्रमोशन के लिए निकलीं पैपराजी को जमकर पोज दिए. उनके साथ फिल्म के लीड स्टार आदित्य रॉय कपूर और सारा खान के अलावा अन्य सितारे नजर आए. फिल्म प्रमोशन के दौरान निकली नीना गुप्ता ने वन पीस शॉर्ट ड्रेस पहनी थी और उसके ऊपर श्रग लिया था. उन्होंने अपने लेग्स फ्लॉन्ट किए. नीना गुप्ता की छोटी ड्रेस देखकर सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने उन्हें निशाना बनाया है. एक यूजर ने लिखा है, 'बुड्ढी प्लाजो पहनना भूल गई.' एक यूजर ने लिखा है, 'सलवार चोर ले गया.' एक यूजर ने लिखा है, 'कैसी ड्रेस पहनी है, उम्र की सारी हदें पार.' एक यूजर ने लिखा है, 'आंटी नीचे के कपड़े हैं कि नहीं या फिर पहनना भूल गई हो? मैं तो अपना पैंट पहनना कभी नहीं भूलता.नीना गुप्ता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में काम करती नजर आएंगी. इस फिल्म में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी, अनुपम खेर जैसे स्टार्स नजर आएंगे. ये फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

# बदलते रिश्तों की झलक 'मेट्रो इन दिनों' के ट्रेलर में




बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग बसु ने साल 2007 में लाइफ इन अ मेट्रो रिलीज की थी. फिल्म के गानों को खूब पसंद किया गया था और फिल्म भी दर्शकों को खूब रास आई थी. अब इस फिल्म का सीक्वल आ रहा है. ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. पिछली बार की तरह ही इस बार भी फिल्म में 4 अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी. इसी के साथ फिल्म में फ्रेश सॉन्ग्स भी होंगे. ऐसे में आइये जानते हैं कि अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों का ट्रेलर कैसा है.मेट्रो इन दिनों फिल्म की बात करें तो इसके ट्रेलर की शुरुआत में अरिजीत सिंह का गाना नजर आ रहा है. फैंस तो इसी पर फिदा हो गए हैं. वहीं इसके बाद 3 मिनट 17 सेकंड के ट्रेलर में 4 अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं. इन लव स्टोरी में थोड़ा प्यार थोड़ी तकरार देखने को मिल रही है. साथ ही फिल्म के ट्रेलर में कुछ ऐसे डायलॉग भी हैं जो जीवन की समझ को लेकर अलग दृष्टिकोण दिखाते हैं. वैसे तो ये रोमांटिक फिल्म है लेकिन इसके बाद भी फिल्म के ट्रेलर में कुछ कॉमिक सीन्स भी शामिल हैं. कुल मिलाकर ट्रेलर आपको फिल्म देखने के लिए और भी उत्सुक कर सकता है.फिल्म के ट्रेलर के बारे में बात करते हुए कई सारे फैंस तारीफ कर रहे हैं. ट्रेलर में अरिजीत सिंह का गाना है जिसे सुनकर फैंस फूले नहीं समा रहे हैं और मेकर्स का अभी से ही शुक्रिया अदा कर रहे हैं. एक शख्स ने लिखा- अनुराग बसु, प्रीतम और अरिजीत सिंह दिल जीत लेंगे. एक दूसरे शख्स ने लिखा- अरिजीत सिंह के गाने रिलीज करिए. फिल्म की बात करें तो ये 4 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. इसकी कास्ट में सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, फातिमा सना शेख, अली फसल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता अभिनय करते नजर आएंगे. फिल्म के पहले पार्ट की बात करें तो ये फिल्म हिट रही थी.

# 48 की उम्र में भी मल्लिका का जलवा बरकरार

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने अपनी फिल्मों से फैन्स को खूब एंटरटेन किया है. साल 2003 में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली मल्लिका का जादू अब भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है. 48 साल की उम्र में फिल्म नहीं, बल्कि अपनी फिटनेस से हर किसी का ध्यान खींच रही हैं.मल्लिका शेरावत ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था. जिसके बाद से ही वो चर्चा में है. बॉबी देओल के गाने पर उन्होंने अपनी फिट एंड टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट की है. आखिरी बार एक्ट्रेस को राजकुमार राव की फिल्म 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था.48 साल की यह एक्ट्रेस अपनी फिटनेस के लिए प्रॉपर डाइट फॉलो करती हैं. साथ ही घंटों जिम में बिताती हैं. उन्होंने फैन्स के लिए अपना फिटनेस रूटीन शेयर किया था. योग, स्ट्रेचिंग, कार्डियो के अलावा स्ट्रेंथ एक्सरसाइज पर ही एक्ट्रेस का फोकस रहता है.मल्लिका शेरावत अक्सर स्विमिंग करती दिखाई देती हैं. दरअसल यह भी उनका खुद को फिट रखने का एक तरीका है. हालांकि, अब एक्ट्रेस के पास उतने फिल्मों के ऑफर नहीं आते. लेकिन सोशल मीडिया के जरिए अपने पल-पल की अपडेट फैन्स के साथ शेयर करती है. अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट का पारा बढ़ाती हैं.एक्ट्रेस सिर्फ एक वीडियो से रातों-रात लाइमलाइट में आ गईं. एक्ट्रेस के नए वीडियो को 41.3 मिलियन व्यूज मिले हैं. हालांकि, मल्लिका को इंस्टाग्राम पर 2.8 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. यूं तो एक्ट्रेस अपनी पहली फिल्म से ही चर्चा में रही हैं. जब उन्होंने 17 किसिंग सीन्स देकर सबके होश उड़ा दिए थे.



# आरसीबी की जीत सिंगर का नुकसान



विराट कोहली का ख्वाब पूरा हो गया.18 साल के लंबे इंतजार के बाद उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी उठाई है. यही वजह है कि वो जीत के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए. यहां खुशी के आंसू थे, तो दूसरी ओर गम के. प्रीति जिंटा का मुरझाया चेहरा इस बात की गवाही देता है कि वो भी ट्रॉफी उठाना चाहती थीं. खैर, यह तो पूरा नहीं हो पाया. लेकिन आरसीबी की इस जीत ने सिंगर करण औजला को करोड़ों का नुकसान करा दिया है.दरअसल करण औजला ने प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स पर सट्टा लगाया था. बीती रात अहमदाबाद में यह फाइनल मुकाबला खेला गया. जहां आरसीबी जीत गई और इस जीत ने सिंगर को 3 करोड़ का नुकसान कराया. आरसीबी ने 6 रन से जीत हासिल की है.आरसीबी और पंजाब किंग्स के फाइनल मुकाबले पर हर किसी की नजर थी. रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनल पर लाखों डॉलर का दांव लगाया गया था. जिसमें विनर टीम, बेस्ट प्लेयर, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी पर पैसे दांव पर लगे थे. पंजाब किंग्स के हारने के चलते करण औजला ने दांव पर लगाए 3 करोड़ रुपये गंवा दिए. अगर टीम जीत जाती, तो उनके पास लगभग 6 करोड़ रुपये कमाने का मौका था. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया.दरअसल हॉलीवुड के पॉपुलर रैपर ड्रेक ने भी आरसीबी पर बड़ा सट्टा लगाया था. इस बात की जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर कर दी थी. किंग कोहली की टीम पर 750,000 डॉलर यानी 6 करोड़ 43 लाख रुपये का सट्टा लगाया था. हालांकि, वो जीत गए हैं. आरसीबी की जीत के साथ ही उन्हें 11 करोड़ रुपये से ज्यादा का फायदा हुआ है.

# आईपीएल समापन में शंकर महादेव ने बेटों संग मचाया धमाल



आईपीएल 2025 का ग्रैंड फिनाले आज यानी मंगलवार 3 जून 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है. जहां आरसीबी और पीबीकेएस के बीच भिड़ंत से पहले शानदार क्लोजिंग सेरेमनी ने फैंस का दिल जीत लिया. इस खास मौके पर मशहूर सिंगर और कंपोजर शंकर महादेवन ने अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ मिलकर एक भावपूर्ण म्यूजिकल परफॉर्मेंस दी, जिसे उन्होंने भारतीय सेना को समर्पित किया. सिंगर और उनके बेटों की परफॉर्मेंस ने न सिर्फ समां बांधा बल्कि वहां मौजूद दर्शकों को भावुक भी कर दिया. ये पल बेहद इमोशनल था.शंकर महादेवन ने क्लोजिंग सेरेमनी में अपनी परफॉर्मेंस की शुरुआत फिल्म '83' के जोशीले गाने 'लहरा दो' से की, जिसने पूरे स्टेडियम में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी. इसके बाद उन्होंने 'मैं रहूं या ना रहूं, 'लक्ष्य को हर हाल में पाना है", 'कांधों से मिलते हैं कंधे' जैसे कई देशभक्ति गानों से दर्शकों को भावुक कर दिया. उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस का समापन प्रतिष्ठित गाने 'सुनों गौर से दुनिया वालों' से किया, जिसने पूरे माहौल को उत्साह और गर्व से भर दिया.आईपीएल 2025 का यह समापन समारोह न सिर्फ क्रिकेट प्रशंसकों बल्कि देश की सेना के लिए भी एक भावनात्मक और गौरवपूर्ण श्रद्धांजलि बन गया. सोशल मीडिया पर भी इस परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हो रही है और प्रशंसक इसे आईपीएल के इतिहास की सबसे शानदार संगीतमय शाम मान रहे हैं.



# पंकज त्रिपाठी बने दोबारा पिता

सुपरस्टार पंकज त्रिपाठी जितना अपनी फिल्मों और एक्टिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं उसना ही वो अपनी पर्सनल लाइफ को छुपाकर रखना पसंद करते हैं। अब पंकज त्रिपाठी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है जो कि काफी तेजी से वायरल हो रही है।सामने आई तस्वीर में पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी मृदुला न्यू बॉर्न बेबी को गोद में लिए दुलार करते दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर देखने को बाद लग रहा है कि जैसे कपल एक बार फिर से माता पिता बने हैं। जी हां ये बिल्कुल सही है, लेकिन सिर्फ माता पिता नहीं बल्कि बड़े मम्मी पापा बने है।ये बच्चा परितोष त्रिपाठी का है जो हाल ही में पापा बने हैं। तस्वीर में पंकज और मृदुला बच्चे के साथ हैं। पंकज मुस्कुराते हुए सोफे पर बैठे और बच्चे को अपनी बाहों में पकड़े हुए हैं। वहीं, उनके बगल में बैठी मृदुला हंस रही हैं और बच्चे को प्यार करती नजर आ रही हैं फोटो में पंकज ने कलरफुल टी-शर्ट और पैंट पहने हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, मृदुला पिंक सूट में नजर आईं। तस्वीर शेयर करते हुए परितोष ने पोस्ट को कैप्शन दिया,

# बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार निर्देशक का बेटा

बॉलीवुड फिल्मों में नेपोटिज्म को लेकर लगातार बातें होती रहती हैं और सोशल मीडिया पर इसका भारी विरोध भी देखने को मिलता है. कई सारे ऐसे एक्टर्स हैं जिनके बच्चे आज इंडस्ट्री में एक-एक कर अपना डेब्यू कर रहे हैं. सिर्फ एक्टर्स ही नहीं बल्कि डायरेक्टर के बेटे भी डेब्यू को तैयार हैं. अब हीरोपंती बनाने वाले अहमद खान के बेटे अजान खान अपना डेब्यू करने जा रहे हैं.बागी और हीरोपंती जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर अहमद खान ने बेटे के डेब्यू को लेकर बात करते हुए कहा- दरअसल मेरे बेटे ने किसी और डायरेक्टर के साथ स्क्रिप्ट फाइनल कर ली है. तो मैं शायद उनके साथ एक प्रोड्यूसर के तौर पर रहेंगे. अभी वो 23 साल का है. उसने वो चीजें सीखी हैं जो बिहाइंड दा सीन होती हैं.आगे डायरेक्टर ने कहा- उसने कोरियोग्राफी सीखी है, उसने डायरेक्शन सीखा है और उसे प्रोडक्शन की भी समझ है. तो उसे इस बात का फायदा है कि वो एक टेक्नीशियन का बच्चा है. तो वो इस बात से अवगत है कि फिल्मों को टेक्नीशियन ही बनाते हैं. तो वो काफी मेहनत कर रहा है.मैंने भी उससे कहा कि बेटा तुम्हारी मेहनत बहुत रंग लाएगी. हम लोग अभी दरवाजे के इस पार है. एक बार जब दरवाजा खुलेगा तो प्रकाश का अंधकार का होना इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी मेहनत कैसी थी. फिल्म रोमांटिक नहीं रहेगी. वो ऑफबीट टाइप की एक्शन रिवेंज फिल्म कहना चाहता है.मैं एक डायरेक्टर के तौर पर कहना चाहतां हूं कि उसने बहुत अलग और टफ सब्जेक्ट चुना है. इस लिहाज से ये किसी भी एक्टर की पहली फिल्म नहीं होनी चाहिए. ये उसकी 5वीं फिल्म होनी चाहिए. उसने और डायरेक्टर ने मिलकर मुझे कुछ दिखाया और वो देखकर मैं थोड़ा सरप्राइज भी रह गया कि अपने काम पर दोनों खरे उतरे हैं.अजान खान की बात करें तो वे 23 साल के हैं और अभी से ही वे सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हो चुके हैं. एक्टर इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहते हैं और उन्होंने अपनी डेब्यू फिल्म के लिए भी अच्छी खासी तैयारी कर ली है. वे एक्स्ट्रा एफर्ट भी लगा रहे हैं. ऐसे में देखने वाली बात होगी कि उनकी डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या गुल खिलाती है.






# एक्टर गुरमीत चौधरी के घर हुई चोरी



टेलीविजन के मशहूर कपल गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी के घर में चोरी हो गई है. खुद गुरमीत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर का एक नया नौकर उनका कुछ सामान लेकर फरार हो गया. हालांकि, अच्छी बात ये रही कि चोरी का ज्यादातर सामान बाद में बरामद कर लिया गया. अपनी इस पोस्ट में गुरमीत ने अपने फैंस से घर में काम करने वाले लोगों का बैकग्राउंड चेक करने की अहम सलाह भी दी है.एक्टर गुरमीत चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए लिखा,आज, हमारे घर का वर्कर कुछ सामान लेकर भाग गया. शुक्र है, हम हमेशा काम पर आने वाले हर स्टाफ का वेरिफिकेशन करवाते हैं, ताकि अगर कुछ गलत हो तो हम उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई कर सकें.गुरमीत ने आगे लिखा कि मैं शुक्रगुजार हूं कि उस समय मैं घर पर था और मेरे बच्चे अपने कमरे में सुरक्षित थे. तुरंत कार्रवाई और कुछ फोन कॉल्स की मदद से, हमने ज्यादातर सामान बरामद कर लिया है और सबसे महत्वपूर्ण बात, हम सभी सुरक्षित हैं.गुरमीत ने इसे घटना को थोड़ी सी 'खराब किस्मत' के साथ-साथ

'बड़ी सीख' भी कहा है. उन्होंने अपने फैंस को ये सलाह भी दी है कि वे हमेशा सतर्क रहें. काम के लिए घर में आने वाले हर व्यक्ति का हमेशा वेरिफिकेशन करें.दिलचस्प बात ये है कि गुरमीत ने चोरी की घोषणा करने से कुछ घंटे पहले ही, देबिना के साथ अपनी बेटियों लियाना और दिविशा की बेहद प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं. उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'छोटे हाथ. बड़े दिल. हमारी पूरी जिंदगी'.

# रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने जीता आईपीएल खिताब

**अहमदाबाद.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल की कड़ी मेहनत और समर्पण के बाद आखिरकार अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब हासिल किया है। इस मौके पर विराट कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार को सराहा है। रजत पाटीदार को साल 2022 में नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद लवनीथ सिसोदिया के चोटिल होने के चलते टीम में शामिल किया गया था। आज पाटीदार आरसीबी को पहला आईपीएल खिताब जिताने वाले कप्तान हैं। पाटीदार आरसीबी के आठवें कप्तान हैं। साल 2021 में टीम में शामिल होने के बाद से तीन सीजन खेल चुके हैं। रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 में 13 पारियों में 395 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस के फ्रेंचाइजी छोड़ने के बाद रजत




पाटीदार को 2025 सीजन के लिए कप्तान बनाया गया। कोहली आरसीबी के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एबी डिविलियर्स के साथ ड्रेसिंग रूम में दाखिल होते नजर आए। विराट कोहली ने ऐतिहासिक जीत के बारे में बोलते कहा, "बताना बहुत मुश्किल है यार। मुझे लगता है कि जब हम बेंगलुरु पहुंचकर शहर और फैंस के साथ जश्न मनाएंगे, तो मैं जीत का असली रूप महसूस करूंगा। जीत में अलग-अलग स्टेज से आए लोगों ने अपनी भूमिका निभाई और टीम के लिए योगदान दिया। उनमें जीत की भूख और खेल के प्रति आत्मविश्वास था।" कोहली ने रजत के नेतृत्व, जितेश शर्मा की चतुराई और इस ऐतिहासिक ट्रॉफी को हासिल करने के लिए टीम के एकजुट होने के बारे में आगे बात की।

**पाटीदार ने की कोहली की जमकर तारीफ**

विराट कोहली ने कहा, "इन लोगों की मानसिकता अलग है। वे अलग तरह से बने हैं। वे इस काम को बहुत अच्छे से कर रहे हैं। रजत ने आगे बढ़कर और धैर्य के साथ नेतृत्व किया। उनके गेंदबाजी परिवर्तन, साथ ही दबाव में उनकी शांति, पूरे टूर्नामेंट में बिल्कुल अद्भुत थी। उनके पास वास्तव में एक संतुलित व्यक्तित्व है, जो सच में उन्हें शांत रहने में मदद करता है। जितेश के पास भी शानदार क्रिकेटिंग ब्रेन है। आप देख सकते हैं कि खेल के सबसे महत्वपूर्ण क्षण में उन्होंने कैसे कदम बढ़ाया। मध्य प्रदेश के दो अच्छे दोस्त, आरसीबी के लिए काम कर रहे हैं। वे बेंगलुरु में और वापस घर पर भी बहुत अच्छा समय बिताने जा रहे हैं।"

# आरसीबी ने आईपीएल 2025 में पहली ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया

**अहमदाबाद.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 में इतिहास रचते हुए न केवल अपनी पहली ट्रॉफी जीती, बल्कि कई शानदार रिकॉर्ड भी अपने नाम किए. इस सीजन में आरसीबी ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और रणनीति से सभी को प्रभावित किया और कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं. जिसने आरसीबी को इस सीजन में सबसे खास टीम बना दिया.




आईपीएल 2025 में आरसीबी इकलौती ऐसी टीम बन गई, जिसने अपने सभी अवे मैच जीते. वह ऐसा करने वाली आईपीएल इतिहास की पहली टीम बनी. चाहे वह दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम हो या कोलकाता का ईडन गार्डन्स, आरसीबी ने हर मैदान पर अपनी धाक जमाई. इस प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट में एक अलग पहचान दी और उनकी जीत की राह को आसान बनाया. आरसीबी ने इस सीजन में कुल 11 मैच जीते, जो उनके लिए एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड है. इस दौरान उन्होंने लीग स्टेज में 9 जीत हासिल कीं और प्लेऑफ में भी अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा. फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर उन्होंने ट्रॉफी पर कब्जा किया.

आरसीबी ने इस बार चेन्नई सुपर किंग्स को उसी के घर में हराया. उसे चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6154 दिन के बाद जीत मिली. 28 मार्च 2025 को खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 50 रनों से हराया. इस जीत ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि फैंस को भी एक बड़ा तोहफा दिया, जो इस जीत का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. आरसीबी ने इस बार मुंबई के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 3619 दिनों (लगभग 10 साल) बाद जीत हासिल की. आखिरी बार उन्होंने 2015 में इस मैदान पर जीत दर्ज की थी, और उसके बाद से वह लगातार हार का सामना कर रहे थे. 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रनों से जीत ने इस लंबे सूखे को खत्म कर दिया.




# वैभव सूर्यवंशी को मिला खास इनाम

## पर इसका नुकसान भी हो सकता है

**नई दिल्ली.** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन खत्म हो चुका है। बीती रात खेले गए आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 6 रन से करीबी जीत दर्ज की है। इसके साथ ही आरसीबी आईपीएल के 18 साल के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनी है। इस सीजन में जहां कई अनुभवी प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया है तो कई अनकैप्ड युवा खिलाड़ियों ने भी जबरदस्त प्रतिभा दिखाई है। इन्हीं में से एक हैं राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने इस सीजन में एक बढ़कर एक गेंदबाज की जमकर कुटाई की है। जिसके लिए उन्हें एक खास इनाम दिया गया है। लेकिन उन्हें इसका इस्तेमाल करना काफी भारी पड़ सकता है।

**वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल 2025 में प्रदर्शन**

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 7 मैचों में कुल 252 रन बनाए। इसमें उनका एक विस्फोटक शतक भी शामिल है। अपने पहले ही सीजन में उन्होंने 206.55 के स्ट्राइक रेट गेंदबाजों की धुनाई की है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 24 छक्के और 18 चौके लगाए। इस शानदार प्रदर्शन के चलते वैभव सोशल मीडिया की सुर्खियों में भी रहे।

**वैभव सूर्यवंशी को इनाम में मिली कार**

इंडियन प्रीमियर में दमदार प्रदर्शन के लिए बिहार के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन के अवॉर्ड से नवाजा गया है। बतौर इनाम उन्हें टाटा कर्व कार दी गई है। लेकिन अफसोस कि वह खुद इस कार को नहीं चला सकेंगे, क्योंकि नियमानुसार, इसे चलाने के लिए उनकी उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। ऐसे में उन्हें अभी 4 साल और इंतजार करना होगा। अगर उन्होंने इससे पहले ऐसा किया तो इसका उन्हें भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**हर्षा भोगले ने ली चुटकी**

आईपीएल 2025 फाइनल के बाद वैभव सूर्यवंशी को सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें बतौर इनाम टाटा कर्व दी गई। इसी दौरान प्रसिद्ध कमेंटेटर हर्षा भोगले ने चुटकी लेते हुए कहा कि कृपया वैभव सूर्यवंशी को कोई गाड़ी के साथ घर छोड़ आए, क्योंकि इनके पास लीगली ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है।

# क्रुणाल पंड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच, आईपीएल में दर्ज की खास उपलब्धि

**अहमदाबाद.** आईपीएल 2025 का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए और फिर पंजाब को 20 ओवर में 184 रन पर रोकते हुए 6 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना भी पूरा हो गया। जबकि पीबीकेएस का पहला खिताब जीतने का सपना टूट गया। इस मैच के हीरो आरसीबी के स्टार ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या रहे। जिन्हें मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। इस अवॉर्ड के साथ ही क्रुणाल ने आईपीएल में एक खास मुकाम हासिल कर लिया है।




**क्रुणाल पंड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच**

आईपीएल 2025 के फाइनल मुकाबले में क्रुणाल पंड्या पंजाब किंग्स के खिलाफ बेहद कसी हुई गेंदबाजी की। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 17 रन खर्चते हुए 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। क्रुणाल ने ओपनर प्रभसिमरन और तीसरे नंबर पर उतरे जोश इंग्लिश का शिकार किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए पंडया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**आईपीएल फाइनल में क्रुणाल पंड्या ने बनाया रिकॉर्ड**

आईपीएल इतिहास के फाइनल में ये दूसरी बार है, जब क्रुणाल पंड्या को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया है। इससे पहले पंड्या ने आईपीएल 2017 के फाइनल में भी प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया था, उस सीजन वह मुंबई इंडियंस के लिए खेले थे। इसके साथ क्रुणाल आईपीएल फाइनल में 2 बार ये अवॉर्ड जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

**आईपीएल 2025 के फाइनल का हाल**

आईपीएल 2025 के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर 9 विकेट पर 190 रन बनाए। आरसीबी की ओर से विराट कोहली ने सर्वाधिक 43 रन बनाए तो पंजाब की ओर से काइल जैमीसन और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन बना सकी। पंजाब के लिए शशांक सिंह ने सर्वाधिक नाबाद 61 रन तो जोश इंगलिस ने 39 रन बनाए। वहीं, आरसीबी की ओर से भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पंड्या ने दो-दो विकेट लिए।

# पहले टेस्ट से पहले इंग्लैंड को झटका

**नई दिल्ली.** दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टेस्ट टीम जल्द ही इंग्लैंड का दौरा करेगी, जोकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत होगी। इस दौरे पर भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले टेस्ट सीरीज से पहले मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को तगड़ा झटका लगता दिखाई पड़ रहा है। दरअसल, हैमिस्ट्रिंग इंजुरी के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के पहले टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राइट हैमिस्ट्रिंग स्ट्रेन के चलते गस एटकिंसन 20 जून से शुरू होने जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच में खेलने पर संशय है। उनकी चोट की वजह से तेज गेंदबाजी विभाग में इंग्लैंड क्रिकेट टीम की चिंता बढ़ गई है। 27 वर्षीय तेज गेंदबाज को पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ




एक मात्र टेस्ट मैच के दौरान चोट लग थी, जिसकी वजह से उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज से बाहर रहना पड़ा। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज को 3-0 से जीता है। गस एटकिंसन ने अपने 12 टेस्ट मैच में तीन बार पांच विकेट हॉल लिए हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बलबूते गस एटकिंसन इंग्लैंड क्रिकेट टीम का महत्वपूर्ण स्तंभ बन गए हैं। अगर समय से गस एटकिंसन रिकवर करने में असफल रहते हैं तो यह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए बड़े झटके से कम नहीं होगा, क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से ही चोटिल चल रहे हैं और अंगूठे की चोट के कारण जोफ्रा आर्चर पहले से ही टीम से बाहर चल रहे हैं।

# डीडीसीए को मिला आईपीएल 2025 का 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' अवॉर्ड

**नई दिल्ली.** दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' पुरस्कार जीता है। यह सम्मान अरुण जेटली स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ के बेहतरीन प्रयासों का इनाम है, जिन्होंने पूरे आईपीएल सीजन में शीर्ष स्तर की खेल स्थितियां प्रदान कीं। यह पुरस्कार पिच की गुणवत्ता, आउटफील्ड रख-रखाव और समग्र ग्राउंड प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देता है – खिलाड़ियों के लिए एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी पिच और प्रशंसकों के लिए एक असाधारण अनुभव सुनिश्चित करता है।

डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह पुरस्कार हमारे क्यूरेटर, कर्मचारियों और प्रबंधन के अथक परिश्रम का प्रमाण है। हम क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"




डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, "यह सम्मान अरुण जेटली स्टेडियम को विश्व स्तरीय क्रिकेट स्थल बनाने के हमारे सामूहिक दृष्टिकोण को प्रमाणित करता है। यह दिल्ली क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है।" दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के अपने शुरुआती घरेलू मैच विशाखापत्तनम में खेले, उसके बाद अरुण जेटली स्टेडियम में अपना बेस शिफ्ट किया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण ब्रेक के बाद टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने के बाद, दिल्ली उन छह स्थानों में से एक था, जहां मैच स्थानांतरित किए गए थे। मानद सचिव अशोक शर्मा ने कहा, "हर बेहतरीन मैच के पीछे एक समर्पित टीम होती है जो चौबीसों घंटे काम करती है। यह पुरस्कार उनके जुनून और पेशेवराना अंदाज को दर्शाता है।" संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर ने कहा, "हम इस सम्मान से रोमांचित हैं। यह हमें खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए बेहतर सुविधाओं में निवेश जारी रखने के लिए प्रेरित करता है।"

कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला ने टिप्पणी की, "यह उपलब्धि न केवल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि पूरे आईपीएल सत्र में हमारे कुशल संसाधन प्रबंधन और योजना को भी दर्शाती है।"

**प्लेऑफ में भी नहीं पहुंची दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने 2025 के संस्करण की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ा, उनका प्रदर्शन खराब होता गया। सात जीत, छह हार और एक बेनतीजा रहने के कारण, डीसी शीर्ष चार में जगह बनाने से चूक गई और 15 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही और 18 साल के सूखे को खत्म करने के उद्देश्य से अगले सीजन में उतरने की उम्मीद करेगी।

डीडीसीए के बयान में कहा गया है,"यह मान्यता हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करती है और आश्वस्त करती है कि हम वही कर रहे हैं जो हमारे सदस्यों ने हमें करने के लिए कहा है।

यह सम्मान खेल के विकास के लिए डीडीसीए के समर्पण को दर्शाता है और दिल्ली को भारत में एक प्रमुख क्रिकेट स्थल के रूप में उजागर करता है। डीडीसीए बीसीसीआई और सभी हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले दिनों में और अधिक विश्व स्तरीय क्रिकेट की मेजबानी करने की उम्मीद करता है।"

# कुलदीप यादव ने बचपन की दोस्त वंशिका से की सगाई

**नई दिल्ली.** स्टार भारतीय क्रिकेटर और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने अपने बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली है। लखनऊ में बुधवार को हुए इस समारोह में रिंकू सिंह समेत कई क्रिकेटर शामिल हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुलदीप यादव की होने वाली दुल्हनिया का नाम वंशिका है और वह कानपुर की रहने वाली हैं। उनके पिता एलआईसी में काम करते हैं। वंशिका और कुलदीप यादव बचपन के दोस्त हैं।

दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और अब दोनों ने सगाई कर ली है। यहां आपको बता दें कि कुलदीप यादव को 20 जून से शुरू इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह दी गई है। नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में उन्हें इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे पर कुलदीप यादव का रोल बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से रविचंद्रन अश्विन पहले ही संन्यास ले चुके हैं।

# हिकारू नाकामुरा ने गुकेश को दी शिकस्त

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

**ओस्लो.** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिकारू नाकामुरा ने क्लासिकल प्रारूप में विश्व चैंपियन डी. गुकेश पर एक शानदार जीत के साथ अपने अभियान को फिर से जीवंत कर दिया। इस मैच ने लीडरबोर्ड को पूरी तरह से खोल दिया। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नाकामुरा ने राउंड 3 में गुकेश से अपनी पिछली हार का बदला लेते हुए एक सटीक प्रदर्शन किया। यह परिणाम गति में एक नाटकीय बदलाव को दर्शाता है, खासकर युवा भारतीय प्रतिभा के लिए जो मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ बैक-टू-बैक क्लासिकल जीत के बाद उच्च स्थान पर थे। नाकामुरा 11.5 अंकों के साथ गुकेश के साथ तीसरे स्थान के लिए बराबरी पर आ गए। टूर्नामेंट अब अपने चरम पर पहुंच गया है। यह जीत अमेरिकी ग्रैंडमास्टर के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से भी फायदेमंद है, जो इस इवेंट में पहले कुछ निराशाजनक नतीजों के बाद सवालों के घेरे में आ गए थे।




**गुकेश के लिए यह हार एक छोटा सा झटका**

गुकेश के लिए यह हार एक छोटा सा झटका है, क्योंकि यह एक ब्रेकआउट टूर्नामेंट रहा है। वह इस साल की शुरुआत में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने थे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उल्लेखनीय संतुलन और परिपक्वता दिखाई है, जिसमें उन्होंने खेल के कुछ सबसे बड़े नामों को हराया है। हालांकि, जोश से भरे नाकामुरा के खिलाफ गुकेश हार गए।

**कार्लसन, फिरोजा और कारुआना अभी भी दावेदार**

टूर्नामेंट अब अपने अंतिम दौर में है, जिसमें शीर्ष स्थान अभी भी दांव पर हैं। कार्लसन, फिरोजा और कारुआना अभी भी दावेदारी में हैं, लेकिन गुकेश और नाकामुरा के आगे बढ़ने के साथ ताज के लिए लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। नॉर्वे शतरंज 2025 में रोमांचक मुकाबले और उच्च स्तर का ड्रामा देखने को मिल रहा है। हर राउंड इस विशिष्ट शतरंज मुकाबले की पटकथा को नए सिरे से लिख रहा है।

# जयपुर पिंक पैंथर्स ने पीकेएल 12 के लिए तैयार की दमदार टीम




**जयपुर.** दो बार की प्रो कबड्डी लीग (प्रो कबड्डी लीग) चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स प्रो कबड्डी लीग ने ऑक्शन में 9 खिलाड़ियों को खरीदकर एक मजबूत टीम तैयार की है। पहले और 9वें सीजन का खिताब जीतने वाली ये टीम अपना तीसरा खिताब जीतने की तैयारी कर चुकी है। बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन की मालिकाना वाली यह टीम जयपुर, राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है। एक फैक्ट ये भी है कि आईपीएल का पहला खिताब भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने जीता था तो प्रो कबड्डी का पहला खिताब भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने जीता। पहले सीजन से ही जयपुर पिंक पैंथर्स प्रो कबड्डी लीग का हिस्सा रही है और 2025 के सीजन यानी पीकेएल 12 में मैट पर उतरने के लिए तैयार है।

2014 में प्रो कबड्डी लीग की शुरुआत हुई। पहले सीजन में यू मुंबई और जयपुर पिंक पैंथर्स ने फाइनल में जगह बनाई। पहले सीजन के फाइनल में यू मुंबा को 35-24 से हराकर जेपीपी ने खिताब जीता। उस समय टीम में मनिंदर सिंह और राजेश नरवाल थे, जिन्होंने विरोधियों को चारों खाने चित्त कर दिया।

इसके बाद अगले 8 सीजन तक टीम खिताब से दूर रही लेकिन 9वें सीजन में अर्जुन देशवाल की कप्तानी में दबदबा दिखाया और दूसरी बार खिताब पर कब्जा किया। सीजन 9 में अर्जुन देशवाल ने 296 रेड पॉइंट्स के साथ सीजन में टॉप रेडर का खिताब हासिल किया। हालांकि अर्जुन देशवाल अब तमिल थलाइवाज पहुंच चुके हैं लेकिन जयपुर की टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल हुए हैं।

# उत्तर सिक्किम में भीषण भूस्खलन

## भारतीय सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया तेज



**सेना का अटूट संकल्प**

भारतीय सेना न केवल लापता सैनिकों और नागरिकों की तलाश में जुटी है, बल्कि पूरे क्षेत्र में राहत कार्यों को तेज करने के लिए हर संसाधन का उपयोग कर रही है. स्थानीय लोगों को सहायता पहुंचाने से लेकर सड़कें और संपर्क बहाल करने तक, सेना का हर कदम इस संकट में उम्मीद की रोशनी बिखेर रही है. भारतीय सेना ने अपने समर्पण को हर पल साबित किया है कि 'हमारे लिए हर एक जिंदगी मायने रखती है.'

**सिक्किम.**

उत्तर सिक्किम में हुए भीषण भूस्खलन (लैंडस्लैड) ने भारी तबाही मचाई है. खराब मौसम, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्ते और अस्थिर ज़मीन ने हालात को बेहद मुश्किल बना दिया है. फिर भी भारतीय सेना पूरे समर्पण के साथ राहत और बचाव कार्य (रेस्क्यू ऑपरेशन्स) में जुटी हुई है. ऐसे में हर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की मदद के लिए डटा है. लाचेन, उत्तर सिक्किम का एक प्रमुख टूरिस्ट प्लेस है.
जो लैंडस्लाइड के कारण मेनलैंड से पूरी तरह कट गया था. भारतीय सेना ने पैदल रास्ता बनाकर 113 फंसे हुए टूरिस्टों तक अपनी पहुंच बनाई है, जिनमें बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं. 3 जून को एयरफोर्स के हेलिकॉप्टरों की मदद से 30 टूरिस्टों को सुरक्षित निकाला गया था, जिनमें कुछ विदेशी नागरिक भी थे. बाकी लोगों को जल्द से जल्द निकालने की योजना तैयार की जा रही है. सेना की तेज कार्रवाई ने इस दूरदराज गांव में फंसे लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण जगाई है. लैंडस्लाइड का सबसे बुरा असर चेतन के सैन्य शिविर पर पड़ा, जहां 6 लोग अब भी लापता हैं. इनमें शामिल हैं. लेफ्टिनेंट कर्नल पृतपाल सिंह संधू, सूबेदार धर्मवीर, नायक सुनीलाल मुचाहारी, सिपाही सैनीउद्दीन पी.के., स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट कर्नल संधू की पत्नी मिस अमायरा संधू और उनकी बेटी. सेना ने विशेष खोजी दलों और इंजीनियरिंग उपकरणों को तैनात किया है. लेकिन लगातार खराब मौसम, अस्थिर जमीन और ऊंचाई वाले दुर्गम इलाके खोज कार्य (सर्च ऑपरेशन्स) में बड़ी मुसीबत बन रहे हैं. फिर भी सेना अपनी हर संभव कोशिश कर रही है ताकि लापता लोगों को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके.

# भारत ने एडी-1 इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली.** भारत ने हाल ही में अपनी स्वदेशी लंबी दूरी की इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 का सफल परीक्षण किया है. डीआरडीओ की विकसित यह मिसाइल 3000-5000 किमी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों को निष्क्रिय करने में सक्षम है. यह परीक्षण भारत की बहुस्तरीय मिसाइल रक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और परमाणु खतरों से सुरक्षा प्रदान करता है. एडी-1 की उच्च गति और सटीकता इसे एक अत्याधुनिक तकनीक बनाती है, जिससे भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमता में वृद्धि हुई है.
हवा में ही तबाह हो जाएगी दुश्मनों की बैलिस्टिक मिसाइल, एडी-1 में क्या-क्या है खास भारत ने अपनी स्वदेशी मिसाइल रक्षा प्रणाली को एक और बड़ी कामयाबी के साथ आगे बढ़ाया है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हाल ही में बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) फेज-II के तहत विकसित की गई लंबी दूरी की इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 का सफल परीक्षण किया. यह परीक्षण 24 जुलाई




2024 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-III से किया गया था. एडी-1 इंटरसेप्टर मिसाइल दुश्मन की 3000 से 5000 किलोमीटर रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को उनके टर्मिनल फेज (अंतिम चरण) में भी प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर नष्ट कर सकती है. इसका मतलब है कि अगर कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही हो, तो यह इंटरसेप्टर उसे वायुमंडल के भीतर ही नष्ट कर सकता है, इससे पहले कि वह जमीन से टकराए. एडी-1 को भारत की बहुस्तरीय मिसाइल रक्षा प्रणाली के तहत विकसित किया गया है. यह मिसाइल उच्च गति से लक्ष्य तक पहुंचने में सक्षम है और बेहद सटीकता के साथ उसे नष्ट कर सकती है. खास बात यह है कि यह ऊंचाई पर भी प्रभावी तरीके से काम करती है, जिससे यह वायुमंडल के भीतर और बाहर दोनों जगहों पर खतरनाक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर सकती है. रणनीतिक दृष्टि से यह प्रणाली भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि 3000 से 5000 किलोमीटर की रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलें आमतौर पर परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होती हैं. ऐसे में एडी-1 जैसी इंटरसेप्टर मिसाइल का होना यह सुनिश्चित करता है कि भारत किसी भी परमाणु खतरे का प्रभावी ढंग से जवाब देने में सक्षम है. डीआरडीओ का यह परीक्षण भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल करता है, जिनके पास इतनी लंबी दूरी तक की दुश्मन मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने की तकनीकी क्षमता है. इससे भारत की रणनीतिक रक्षा प्रणाली को नई मजबूती मिली है और राष्ट्रीय सुरक्षा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया गया है. इस सफलता के साथ भारत ने यह साबित कर दिया है कि वह आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है.

# अमेरिका में एग्रो-टेररिज्म का खुलासा

### चीन पर खतरनाक फंगस फैलाने का आरोप

**वाशिंगटन.** गेहूं, मक्का, चावल... सोचिए अगर एक दिन ये सब खेतों में सड़ने लगें? खाने की ये बुनियादी चीजें ही जहर बन जाएं? अमेरिका में ऐसा ही एक डरावना खेल चल रहा था, जिसे वक्त रहते पकड़ लिया गया. और इस पूरे खेल के पीछे हैं चीन और उसके दो नागरिक, जिन पर अब 'एग्रो-टेररिज़्म' यानी खेती के जरिए आतंक फैलाने का आरोप लगा है. अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने खुलासा किया है कि मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक लैब में चोरी-छिपे एक खतरनाक फंगस लाया गया था.
इस फंगस का नाम है फुसरियम ग्रामिनीरुं. ये कोई मामूली फंगस नहीं, बल्कि गेहूं, मक्का, जौ और चावल जैसी फसलों को जड़ से बर्बाद कर सकता है. यानी सीधे किसानों की कमर तोड़ने वाला हमला. और इसे लाने वाले हैं चीन के युनकिंग जियान (33) और जुनयोंग लियू (34), जिनका सीधा कनेक्शन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) से बताया जा रहा है. एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल के मुताबिक, ये फंगस अमेरिका के फूड सिक्योरिटी, अर्थव्यवस्था और यहां तक कि लोगों की सेहत के लिए भी बड़ा खतरा है.

# राहुल को 23 जून को कोर्ट में पेश होने का आदेश



**इलाहाबाद.** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई. एकल न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि यद्यपि "संविधान का अनुच्छेद 19(1) (ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है," फिर भी यह उचित प्रतिबंधों के अधीन है. अदालत ने आगे कहा कि अनुच्छेद 19 (1) (ए) उन बयानों पर लागू नहीं होता जो "भारतीय सेना के लिए अपमानजनक" हैं. जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की सिंगल बेंच ने यह आदेश दिया. उच्च न्यायालय ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत ने जारी समन आदेश के खिलाफ विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की. राहुल गांधी लखनऊ कोर्ट में पेश न होने पर कोर्ट के समक्ष निवेदन के साथ एप्लीकेशन सबमिट की गई, जिसमें राहुल गांधी के विरुद्ध वारंट जारी करके उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गई. कोर्ट ने राहुल गांधी को पांचवा मौका देते हुए 23 जून 2025 को बतौर अभियुक्त हाजिर होने के लिए आदेश दिया है.




# तुर्किए-फिनलैंड के बीच बड़ी हथियार डील

## रूस को घेरने की नाटो की रणनीति तेज

**अंकारा.** अब तक रूस से रिश्तों को लेकर दुविधा में दिखने वाला तुर्किए अब खुलकर सामने आ गया है. इस्लामिक दुनिया का ये बड़ा खिलाड़ी अब रूस के 'नए दुश्मन' फिनलैंड से हथियारों की बड़ी डील कर चुका है. ये सिर्फ एक समझौता नहीं, बल्कि रूस को घेरने की नाटो की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है. सबसे दिलचस्प बात ये है कि 2019 से 2023 तक फिनलैंड ने तुर्की को हथियार बेचना बंद कर दिया था. वजह थी तुर्की की "ऑपरेशन पीस स्प्रिंग" जो सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ चलाया गया सैन्य ऑपरेशन था. इस बात से फिनलैंड भड़क गया था और हथियारों की सप्लाई रोक दी थी.
लेकिन 2023 की शुरुआत में फिनलैंड ने ना सिर्फ ये बैन हटाया, बल्कि 12,000 टन आर्मर-ग्रेड स्टील तुर्की को भेजा और हथियारों की एक्सपोर्ट प्रक्रिया को आसान बना दिया. इसके बदले तुर्किए ने भी फिनलैंड की नाटो सदस्यता को हरी झंडी दिखा दी. यहीं से रिश्तों



**तुर्किए को क्या फायदा?**

तुर्की पहले से ही अफ्रीका, मिडल ईस्ट और सेंट्रल एशिया में अपने रक्षा उत्पाद बेच रहा है. लेकिन यूरोप और नॉर्डिक देशों में उसकी पकड़ अब भी सीमित थी. फिनलैंड के साथ ये नई साझेदारी तुर्किए को सीधे यूरोपीय मार्केट में ले जाएगी. दूसरी तरफ, फिनलैंड को भी तुर्किए के जरिए मिडल ईस्ट जैसे बड़े बाजारों में एंट्री मिलेगी.

की गर्माहट शुरू हुई, जो अब इस एमओयू (समझौता ज्ञापन) तक पहुंच गई है.
सोमवार को तुर्की और फिनलैंड के बीच रक्षा क्षेत्र में साझा सहयोग का बड़ा समझौता हुआ. इस पर दस्तखत किए तुर्की के एसएसबी चीफ हलुक गोरगुन और फिनलैंड के ओल्ली रूटू ने. फिनलैंड की कंपनी पटरिए और तुर्की की कंपनियां असेलसन और रॉकेटसन मिलकर हथियार बनाएंगी.
पटरिए के 6×6 और 8×8 आर्मर्ड व्हीकल्स में असेलसन के रिमोट कंट्रोल हथियार सिस्टम में लगाए जाएंगे. इन हथियारों और गाड़ियों को मिडल ईस्ट और साउथ अमेरिका जैसे बाजारों में बेचा जाएगा तुर्किए और फिनलैंड की ये जोड़ी सिर्फ व्यापार नहीं कर रही, ये नाटो के लिए नई ताकत भी बना रही है.
तुर्की के पास जहां मिसाइल, ड्रोन और जमीनी लड़ाई का अनुभव है, वहीं फिनलैंड के पास है आर्कटिक वॉरफेयर की तकनीक और हाई-टेक निर्माण क्षमता है. तुर्की के डिफेंस चीफ ने भी कहा है कि ये डील नाटो की ताकत को और मज़बूत करेगी और यूरोप की डिफेंस इंडस्ट्री को जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है.
2023 में फिनलैंड ने 333 मिलियन यूरो के हथियार एक्सपोर्ट किए. बीते 20 सालों में सबसे ज्यादा. स्वीडन, लातविया, लिथुआनिया जैसे देशों को सबसे ज्यादा सप्लाई की गई. इतना ही नहीं, उसका 4060% डिफेंस प्रोडक्शन एक्सपोर्ट में जाता है खासकर कम्युनिकेशन, आर्मर्ड व्हीकल और आर्कटिक तकनीक में. 2025 में फिनलैंड ने जीडीपी का 2.5% डिफेंस पर खर्च करने का ऐलान किया है, जो कि नाटो की तय सीमा 2% से ज्यादा है. इसमें एफ-35ए फाइटर जेट्स और नाटो मिशनों के लिए भारी निवेश शामिल है.